रोहतक

बुधवार 8 अप्रैल 2026

वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 30, अंक : 63
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 29.3
न्यून. 16.9

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




7 वनडे में अलाना का जलवा फिर बनीं नंबर वन गेंदबाज






## ट्रंप की चेतावनी : 47 साल की ज्यादती, भ्रष्टाचार और मौत का सिलसिला खत्म होगा

### ईरान का पलटवार

ऐसा जवाब देंगे, जिसे भूल नहीं पाओगे, सऊदी अरब में केमिकल प्लांट पर हमला

# ईरान में पूरी सभ्यता खत्म होगी, जो कभी नहीं लौटेगी

**तेल अवीव/ वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए ट्रुथ सोशल पर कहा आज रात एक पूरी सभ्यता खत्म हो जाएगी, जिसे फिर कभी वापस नहीं लाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि मैं नहीं चाहता कि ऐसा हो, लेकिन शायद ऐसा ही होगा। हालांकि, अब वहां सत्ता पूरी तरह बदल चुकी है, जहां अलग, ज्यादा समझदार और कम कट्टर सोच वाले लोग मौजूद हैं। कौन जानता है कि शायद कुछ बहुत शानदार और क्रांतिकारी हो सकता हो? ट्रम्प ने दावा किया कि आज रात हम दुनिया के लंबे और जटिल इतिहास के सबसे अहम पल के गवाह बनेंगे। 47 सालों की ज्यादती, भ्रष्टाचार और मौत का सिलसिला आखिरकार खत्म हो जाएगा। ईश्वर ईरान के लोगों की रक्षा करे।




### ईरान ने अमेरिका के साथ सभी संबंध खत्म किए

ट्रम्प की धमकी के बाद ईरान ने अमेरिका के साथ सभी कूटनीति और बातचीत के संबंध खत्म कर दिए हैं। किसी भी तरह के मैसेज के आदान-प्रदान पर भी रोक लगा दी है और कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगियों को ईरान की प्राचीन सभ्यता से ऐसा जवाब मिलेगा, जिसे कभी भूल नहीं पाएंगे। इसके साथ ही ईरान ने सऊदी अरब में एक केमिकल प्लांट पर जबरदस्त हमला कर दिया।

### यूएन में होर्मुज खोलने के प्रस्ताव को रूस-चीन ने वीटो किया

रूस और चीन ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उस प्रस्ताव को 'वीटो' कर दिया, जिसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना था। पंद्रह सदस्यीय यूएनएसएससी में बहरीन की ओर से लाए गए प्रस्ताव के पक्ष में 11 वोट और विरोध में दो वोट पड़े। वहीं, दो सदस्यों ने मतदान से दूरी बनाई। प्रस्ताव स्वीकृत नहीं हो सका, क्योंकि वीटो शक्ति रखने वाले सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य देशों- रूस और चीन ने इसके विरोध में मतदान किया।

**खार्ग आइलैंड पर सबसे बड़ा अटैक :** इजराइल ने सबसे बड़ा हमला खार्ग आइलैंड पर किया है। यहां ऑयल टर्मिनल को निशाना बनाया गया। ईरान का करीब 80 से 90% कच्चा तेल यहीं से एक्सपोर्ट होता है। इसी दौरान कोम और कशान में भी पुलों को निशाना बनाया गया। काशान के पास यहयाबाद रेलवे पुल पर हमले में 2 लोगों की मौत हो गई और 3 लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा उत्तर-पश्चिम ईरान में तबरीज-जंजान हाईवे के पुल पर भी हमला किया गया।

**कतर की चेतावनी, हालात बेकाबू होने के करीब**


कतर ने चेतावनी दी कि मिडिल ईस्ट की स्थिति एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गई है, जहां हालात काबू से बाहर जा सकते हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने कहा कि सभी पक्षों से अपील की जा रही है कि वे हालात और बिगड़ने से पहले इस युद्ध का समाधान निकालें।

### ब्रिज व पावर प्लांट बचाने सड़कों पर उतरे लोग

ईरान में लोग देश के अलग-अलग इलाकों में इन्फ्रास्ट्रक्चर के बाहर ह्यूमन चेन बनाकर खड़े हो गए हैं। दरअसल, ट्रम्प ने धमकी है कि वे मंगलवार को रात 8 बजे (अमेरिका समयानुसार) ईरान के जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर (ब्रिज और पावर प्लांट) पर हमले की धमकी दी है।

### एडवाइजरी : ईरान में घरों से बाहर न निकलें भारतीय

भारत सरकार ने ईरान में रह रहे अपने नागरिकों के लिए नई एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि लोग अगले 48 घंटे तक जहां हैं वहीं सुरक्षित रहें और बाहर निकलने से बचें। सरकार ने यह भी सलाह दी है कि भारतीय नागरिक किसी भी सैन्य ठिकाने या संवेदनशील जगहों के पास न जाएं। यह कदम ईरान में बढ़ते तनाव और संभावित हमलों के खतरे को देखते हुए उठाया गया है। इससे पहले भी भारत सरकार अपने नागरिकों को सावधानी बरतने और जरूरत पड़ने पर ईरान छोड़ने की सलाह दे चुकी है।



तरावड़ी, झज्जर, नूंह की मंडियों में गेहूं की ढेरियों पर तिरपाल ढंके, लेकिन फिर भी फसल भीगी। नमी बढ़ने से होगी परेशानी।

# प्रदेश के कई जिलों में बारिश मंडियों में फसल तर-बतर

## 10 जिलों में आंधी और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश के कई जिलों में मंगलवार को तेज बरसात होने से किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। गुरुग्राम, फरीदाबाद, झज्जर, करनाल, नूंह में तेज बरसात हुई, जबकि रेवाड़ी, हिसार, पानीपत, पंचकूला और कैथल में रुक-रुककर बारिश होती रही। कई जगह मंडियों में किसान गेहूं पर तिरपाल ढंकते नजर आए। फसल भीगने से उसमें नमी आ जाएगी। इससे गेहूं की चमक फीकी पड़ जाएगी उसे बेचने में परेशानी होगी। वहीं, खेतों में पककर तैयार खड़ी फसल की कटाई भी प्रभावित होगी। बारिश और हुई तो गेहूं का दाना काला पड़ जाएगा। उत्पादन भी प्रभावित होगा।

### दो दिन और खतरा

मौसम विशेषज्ञ डॉ चंद्रमोहन ने बताया कि प्रदेश के करीब 10 जिलों में बारिश, तेज आंधी और ओलावृष्टि का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग का कहना है कि अभी 2 दिन मौसम ऐसा ही बना रहेगा। इस दौरान तेज गति की हवाओं के साथ हल्की बारिश बूंदा-बांदी और कहीं-कहीं पर ओलावृष्टि संभव है। 11 अप्रैल को एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसके बाद मौसम साफ होगा और तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी।

### सावधानी बरतें किसान

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, किसानों को विशेष सावधानी बरतनी होगी। मौसम मौसम बदलने का सीधा असर गेहूं कटाई, सब्जियों और बागवानी पर पड़ सकता है। किसान मंडियों में तिरपाल ढककर फसल ला रहे हैं। उधर, पर्याप्त इंतजाम न होने से झज्जर-नूंह की मंडी में रखा गेहूं बारिश में भीग गया। रेवाड़ी में मंडी पहुंचे किसानों ने ट्रॉली में भरे गेहूं पर तिरपाल डालकर बचाव किया।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश कैबिनेट की बैठक आज सुबह 11 बजे



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हरियाणा मंत्रिपरिषद की बैठक बुधवार को सुबह 11 बजे हरियाणा सिविल सचिवालय चंडीगढ़ में होगी। बजट सत्र के बाद यह दूसरी बैठक होने जा रही है। सीएम की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक के दौरान कई विभागों को लेकर चिंतन मंथन होगा साथ ही पूर्व सीएम और नेता विपक्ष की सरकारी कोठी के पीनल रेंट को लेकर फैसला होने की उम्मीद है।

### एअर इंडिया के सीईओ विल्सन ने इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) कैंपबेल विल्सन ने इस्तीफा दे दिया है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि एयर इंडिया ने नए सीईओ की तलाश शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, विल्सन सितंबर में अपना पद छोड़ सकते हैं।

### असम, केरल व पुडुचेरी में प्रचार थमा, कल वोटिंग

**नई दिल्ली।** असम, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान मंगलवार शाम समाप्त हो गया। इन तीनों जगहों पर 9 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान होगा, जबकि मतगणना 4 मई को की जाएगी। असम की 126, केरल की 140 और पुडुचेरी की 30 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे।

**एफआईआर के बाद कार्रवाई**

### असम पुलिस का कांग्रेस नेता खेड़ा के घर छापा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा पर फर्जी पासपोर्ट का आरोप लगाने के दो दिन बाद मंगलवार को असम पुलिस ने दिल्ली में पवन खेड़ा के घर छापा मारा। हिमंता की पत्नी की एफआईआर के बाद यह कार्रवाई की गई है। छापेमारी के वक्त पवन घर पर मौजूद नहीं थे। पुलिस ने घर से कुछ डॉक्यूमेंट्स और इलेक्ट्रिक डिवाइस सीज किए हैं। हिमंता ने कहा कि गिरफ्तारी की चुनौती देने वाले खेड़ा अब हैदराबाद भाग गए हैं। हम खेड़ा को पाताल से ढूंढकर ले आएंगे और पता करेंगे कि उन्हें फर्जी दस्तावेज किसने दिए।



हिमंता की पत्नी के पास 3 पासपोर्ट के लगाए थे आरोप

**गुरुग्राम में बड़ी वारदात**

### ढाई वर्षीय बेटी की हत्या कर मां ने खुद का गला भी काटा

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** सूर्या विहार कॉलोनी में एक मां ने ढाई साल की बेटी की हत्या कर दी। इसके बाद कैंची से खुद का गला काट लिया। महिला कई घंटे तड़पती रही, उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। ड्यूटी से लौटे पति ने दरवाजा नहीं खुलने पर दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तों मां-बेटी बेसुध पड़े थे। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया, जबकि मां की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि नेहा शर्मा (30) ने पति से झगड़े के बाद यह कदम उठाया। हालांकि झगड़ा किस बात को लेकर हुआ, यह स्पष्ट नहीं हुआ है।

- कई घंटे तक बंद कमरे में तड़पती रही महिला, हालत गंभीर
- चार साल पहले हुई थी नेहा की शादी, यूपी का रहने वाला था परिवार

**दिल्ली ब्लास्ट मामले में कार्रवाई**

### अल फलाह के अध्यक्ष की 39 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईडी ने अल फलाह समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी और उनके धर्मार्थ ट्रस्ट के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत दिल्ली के जामिया नगर में एक मकान, फरीदाबाद में खेती की जमीन और कई बैंक खातों में जमा राशि कुर्क की है, जिनकी कुल कीमत 39 करोड़ रुपये से ज्यादा है। फरीदाबाद स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी 10 नवंबर 2025 को दिल्ली के लाल किला क्षेत्र में हुए विस्फोट से जुड़े एक 'सफेदपोश' आतंकी मॉड्यूल की जांच के दौरान जांच एजेंसियों के रडार पर आई थी। इस विस्फोट में 15 लोग मारे गए थे।



जामिया नगर में मकान, फरीदाबाद में खेत भी जब्त

**कैटेगरी-वाइज सीटें री-डिवाइड**

### एचएसएससी ने बदला पीआरटी भर्ती का पैटर्न

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एचएसएससी) ने प्राथमिक शिक्षक (पीआरटी) मेवात कैडर भर्ती को लेकर बदलाव जारी किया है। यह बदलाव हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में किया है, जिसके बाद कैटेगरी-वाइज पोस्ट का पुनर्विभाजन किया है। पदों की संख्या 1456 तय की हैं। सामान्य वर्ग में 582 पद, अनुसूचित जाति (एससी 285 पद, बीसीए 228 पद, बीसीबी 155 पद और ईडब्ल्यूएस के तहत 146 पदों का प्रावधान किया गया है। एक्स सर्विसमैन के लिए भी आरक्षण तय किया है। पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) के लिए 4% आरक्षण के तहत 58 पद तय किए हैं।



एक्स-सर्विसमैन और पीडब्ल्यूडी को भी मिला आरक्षण

**जम्मू में लश्कर पर कार्रवाई**

### दो पाकिस्तानियों समेत पांच आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा टेरर मॉड्यूल से जुड़े 5 आतंकियों को अरेस्ट किया है। इनमें से दो पाकिस्तानी आतंकी हैं, बाकी उनके मददगार हैं। एक आतंकी की पहचान अब्दुल्ला उर्फ अबू हुरेरा के रूप में हुई है। अब्दुल्ला 16 साल से फरार था। वहीं, दूसरा पाकिस्तानी आतंकी उस्मान उर्फ खुबैब है। जजम्मू-कश्मीर, राजस्थान व हरियाणा समेत 19 जगहों पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। पकड़े गए पांच लोगों में श्रीनगर के तीन लोग शामिल हैं। इनमें मोहम्मद नकीब भट, आदिल राशिद भट और गुलाम मोहम्मद मीर उर्फ मामा शामिल हैं।



राजस्थान और हरियाणा समेत 19 जगहों पर सर्च ऑपरेशन

# मणिपुर: बम हमले में 2 बच्चों की मौत के बाद भड़की हिंसा

एजेंसी ▶▶| इंफाल

मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में मोइरांग ट्रोंगलाओबी इलाके में देर रात उग्रवादियों ने एक घर में बम फेंक दिया। जिसमें 5 साल के एक लड़के और छह महीने की बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ऑफिसर ने बताया कि जब घर में बम फटा, तब बच्चे अपनी मां के साथ बेडरूम में सो रहे थे। मां घायल है। स्थानीय लोगों ने घटना के विरोध में मंगलवार सुबह प्रदर्शन किया। इलाके में एक पेट्रोल पंप के पास दो ऑयल टैंकर और एक ट्रक में आग लगा दी। उन्होंने मोइरांग पुलिस स्टेशन के सामने टायर जलाए और एक पुलिस चौकी को तोड़ दिया। इसके बाद भीड़ ने घटनास्थल से 100 मीटर दूर सीआरपीएफ कैंप पर भी हमला कर दिया। जवाबी फायरिंग में 2 की मौत हो गई, पांच घायल हो गए। मणिपुर सरकार ने मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए, इंफाल वेस्ट, इंफाल ईस्ट, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों में इंटरनेट और मोबाइल डेटा सर्विस को 3 दिनों के लिए बंद कर दिया है।

### फिर बढ़ा तनाव

**प्रदर्शनकारियों का सीआरपीएफ कैंप पर हमला, जवाबी फायरिंग में 2 की जान गई**

प्रदर्शनकारियों ने खड़ी गाड़ियों में लगाई आग, कई जिलों में नेट व डेटा सर्विस 3 दिन के लिए बंद

## सबरीमला मंदिर में महिलाओं की एंट्री को लेकर तल्ख टिप्पणी

# सामाजिक बुराइयों को धार्मिक प्रथा के रूप में पेश किया जाता है तो दखल देना पड़ता है : सुप्रीम कोर्ट

*केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सबरीमला मंदिर में हर उम्र की महिला के प्रवेश की वकालत करने वाले लोग पितृसत्ता का तर्क क्यों देते हैं?*

### केंद्र ने कहा-धार्मिक प्रथा का सम्मान करना चाहिए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केरलम के सबरीमला मंदिर में महिलाओं की एंट्री मामले पर सुप्रीम कोर्ट की जज जस्टिस बीवी नागरत्ना ने माहवारी को लेकर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा पितृसत्तामक व्यवस्था का सवाल उठा तो केंद्र ने इसकी परभाषा पर ही सवाल उठा दिया। उन्होंने कहा, जब सामाजिक बुराइयों को धार्मिक प्रथा के रूप में पेश किया जाता है तो अदालत को दखल देना पड़ता है। केंद्र ने कहा कि महिलाओं को बहुत ऊंचा दर्जा दिया जाता है और पितृसत्ता की जो बात कही जाती है वह गलत है। 9 जजों की बेंच सुनवाई कर रही है।

### मेहता ने कहा-महिलाओं को बराबरी का हक मिल रहा

#### ऐसा नहीं होना चाहिए

भारत पितृसत्तातमक या लिंग के आधार पर भेदभाव वाला समाज नहीं है, जैसा कि पश्चिमी देश समझते हैं। छूआछूत वाली टिप्पणी पर जस्टिस नागरत्ना ने कहा, एक महिला के तौर पर मैं यह कह सकती हूं कि ऐसा नहीं होना चाहिए कि हर महीने के तीन दिन महिला को छूआछूत माना जाए और चौथे दिन जब माहवारी खत्म हो जाए तो वह छूआछूत नहीं है। ये कड़वी सच्चाई है।

#### ऐसी अवधाणाएं पेश करने के काबिल नहीं



मेहता ने कहा कि भारत में महिलाओं को न सिर्फ बराबरी का अधिकार दिया जाता है, बल्कि उन्हें ऊंचा दर्जा भी मिला है। कई फैसलों में पितृसत्तातमक समाज की अवधारणा की बात कही गई है। एक तरह का जेंडर स्टीरियोटाइप उनमें दिखता है, लेकिन भारत का मामला अलग है। हमें ऐसी अवधारणाओं को पेश नहीं करना चाहिए।

### संविधान लैंगिक भेदभाव नहीं करता

मेहता ने कहा कि संविधान लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं करता और लैंगिक पहचान से इतर सभी के लिए समान अधिकारों की बात करता है। उन्होंने 2018 के फैसले की उस टिप्पणी पर भी आपत्ति जताई, जिसमें मंदिर में महिलाओं को एंट्री न मिलने की तुलना छूआछूत से की गई है। मंदिर का मामला लैंगिक भेदभाव का नहीं है, यह मान्यता का विषय है। मंदिर के मामले में ऐसा नहीं है कि महीने में 4 दिन कोई महिला मंदिर में प्रवेश नहीं कर सकती। यहां मुद्दा ये है कि एक विशेष एज ग्रुप की महिलाओं की मंदिर में एंट्री पर प्रतिबंध है।

## छह ट्रेनी आईएएस को मिली पोस्टिंग

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने तुरंत प्रभाव से 6 प्रशिक्षणाधीन आईएएस अधिकारियों के नियुक्ति आदेश जारी किए हैं।

- अमितेश पांगटे को नूंह में सहायक आयुक्त लगाया गया है।
- मुस्कान श्रीवास्तव को फरीदाबाद में सहायक आयुक्त लगाया गया है।
- शिवानी पांचाल को कैथल
- सोहम शैलेन्द्र को करनाल,
- विशाल सिंह को रोहतक तथा
- विवेक यादव को हिसार में सहायक आयुक्त लगाया गया है।

### खबर संक्षेप

## एलपीजी संकट, महंगाई और किसान समस्याओं को लेकर बढ़ रहा आक्रोश

चंडीगढ़। सांसद और कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री कुमारी सैलजा ने असम गुवाहाटी के अपने हालिया दौरे के बाद कहा है कि देशभर में एलपीजी संकट, बढ़ती महंगाई और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि को लेकर आम जनता में गहरा असंतोष व्याप्त है। केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आम लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एलपीजी सिलेंडर के बढ़ते दाम से लोग परेशान हैं।




## सीएम नायब सिंह सैनी ने रोड शो में बीजेपी के लिए मांगा वोट

# पश्चिम बंगाल में पीएम के नेतृत्व में भाजपा की बन रही सरकार

- ममता बनर्जी सरकार पर भ्रष्टाचार और खराब कानून-व्यवस्था के आरोप
- नायब सिंह सैनी ने पश्चिम बंगाल दौरे से भाजपा के पक्ष में माहौल बनने का किया दावा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बनाना चाहते हैं। इसलिए बंगाल में चारों तरफ भाजपा की लहर चल रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को पश्चिम बंगाल के दौरे के दौरान श्रीरामपुर विधानसभा के प्रत्याशी का नामांकन भरने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने श्रीरामपुर विधानसभा के प्रत्याशी के पक्ष में रोड शो कर लोगों से भाजपा के समर्थन में वोट डालने की अपील की। मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लगातार कम्युनिस्ट पार्टी ने बंगाल के लोगों का शोषण किया है। बड़ी अपेक्षा के साथ लोगों ने ममता बनर्जी की सरकार बनाई थी, लेकिन इस सरकार ने कम्युनिस्टों से भी ज्यादा अत्याचार किए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल के लोगों ने अब मन बना लिया है कि बीजेपी सरकार बनानी है बंगाल में ना रोजगार है, ना किसानों की एमएसपी पर फसल बिक रही है और न ही उचित मूल्य दिया जा रहा है। पश्चिम बंगाल में महिला सीएम होते हुए भी महिलाओं की सुरक्षा नहीं है। ममता सरकार ने जिस प्रकार का ताण्डव किया है, उससे जनता त्रस्त हो चुकी है। ममता सरकार ने सामाजिक, आर्थिक संस्कृति को ठेस पहुंचाने का किया काम किया है।



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी पश्चिम बंगाल के श्रीरामपुर में विधानसभा में चुनावी प्रचार करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### 80 करोड़ लोगों को राशन पहुंचा रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि रोड शो में लोगों का उत्साह एवं जोश देखने वाला बनता है। यहां के लोग प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल का विकास चाहते है। पश्चिम बंगाल से उद्योगों का पलायन हो गया है। इसके अलावा युवाओं को भी रोजगार के लिए दूसरे स्थानों पर पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। पश्चिम बंगाल का युवा सरकार से आहत है और पश्चिम बंगाल में भय और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। देश के 80 करोड़ लोगों को भाजपा सरकार राशन पहुंचाने का काम कर रही है।

### ममता सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप

ममता बनर्जी सरकार पर निशाना साधते हुए नेताओं ने आरोप लगाया कि राज्य में घुसपैठ और भ्रष्टाचार बढ़ा है, जिससे सामाजिक और आर्थिक ढांचे को नुकसान पहुंचा है।वहीं नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत और किसान सम्मान निधि को प. बंगाल में लागू न करने का भी आरोप लगाया गया।

## अभेद्य' ऐप को 6 तक 230 लोगों ने किया डाउनलोड

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस के 'अभेद्य' ऐप को लेकर तेजी से विश्वास बढ़ रहा है। 6 अप्रैल तक कुल 230 लोगों द्वारा इस ऐप को डाउनलोड किया जा चुका है, पुलिस की पहल को लोगों ने अच्छा रिस्पांस दिया है। अभेद्य' ऐप अंतरराष्ट्रीय नंबरों से आने वाले धमकी भरे कॉल पर प्रभावी नियंत्रण का एक मजबूत तकनीकी माध्यम बनकर उभरा है। यह ऐप संदिग्ध अंतरराष्ट्रीय नंबरों से आने वाले वॉयस कॉल्स, मैसेज , फोटो , वीडियो और वॉयस नोट को तुरंत ब्लॉक कर देता है।



## आध्यात्मिक विकास निष्काम कर्म में : प्रो. असीम कुमार घोष

चंडीगढ़। राज्यपाल हरियाणा प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि आध्यात्मिक विकास संसार से दूर जाने में नहीं, बल्कि सजग होकर इसमें सक्रिय भागीदारी करने और निष्काम भाव से अपने कर्तव्यों के निर्वहन में है। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने यह बात आज लोक भवन हरियाणा में उनके निजी सचिव शंख चटर्जी द्वारा लिखित दो पुस्तकों 'अद्वैत वेदांत-एक अनोखा दर्शन' और 'सामाजिक दृष्टिकोण में धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र' का विमोचन करते हुए कही।

**राज्यपाल ने शंख चटर्जी की पुस्तक का किया विमोचन**


### उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप-135002 द्वारा फर्मो को निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदाओ के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:-

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 61265305 | इंटर-व्हीकल पावर कपलर | 20 सेट | 16 अप्रैल 2026 (पिछली ड्राइंग नहीं खुली थी, और उसकी जगह एक नई ड्राइंग अपलोड कर दी गई है।) |
| 2. | 61265320 | केसनब 22 कास्ट स्टील बोगी | 90 नग | 07 मई 2026 |

निविदा शर्तें-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।
**टेंडर नोटिस सं:** 61265305, 61265320

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1140/26



### डिमांड नोटिस

चूंकि फीनिक्स एआरसी लिमिटेड (पूर्व में 'फीनिक्स एआरसी प्राईवेट लिमिटेड' के रूप में जानी जाती) (फीनिक्स ट्रस्ट के ट्रस्टी की क्षमता में कार्यरत - एफवाई 26-14) (यहां इसके पश्चात 'फीनिक्स एआरसी लिमिटेड' के रूप में संदर्भित) कम्पनी अधिनियम 1956 के तहत निगमित और प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण (यहां इसके पश्चात "दि सरफेसी एक्ट" के रूप में संदर्भित) के तहत भारतीय रिजर्व बैंक के पास एक परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण कम्पनी के रूप में पंजीकृत है, का प्राधिकृत अधिकारी और चूंकि नीचे वर्णित अनुसार कर्जदार/सह-कर्जदारों ने आईआईएफएल-होम फाइनेंस लिमिटेड मूल ऋणदाता से ऋण प्राप्त किया और जबकि फीनिक्स एआरसी लिमिटेड ने सर्फेसी एक्ट के तहत सिक्योर्ड क्रेडिटर के नाते फीनिक्स एआरसी लिमिटेड और यहां नीचे वर्णित ऋण अकाउंट्स के सम्बन्ध में वित्तीय परिसम्पत्तियों का अधिग्रहण किया और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 2 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, डिमांड नोटिस जारी किया जिसमें सूचना की तिथि से 60 दिन के अंदर सूचनाओं में वर्णित राशि सहित उन पर आगे के ब्याज का पुनर्भुगतान करने के लिए यहां नीचे वर्णित अनुसार कर्जदारों/सह-कर्जदारों का आह्वान किया, परन्तु उन नोटिसों में से कुछ की विभिन्न कारणों की वजह से उनको तामिल नहीं हो सकी।

| कर्जदार(ों)/गारंटर(ों) के नाम | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| श्री प्रवीन कुमार प्रवीन पेंट कॉन्ट्रैक्टर श्रीमती रेखा रानी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10924977) | 11-03-26, रु. 1478465.65 (रुपये चौदह लाख अठहत्तर हजार चार सौ पैंसठ और पैंसठ पैसे केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- खेवट नं. 579 खतौनी नं. 992 खसरा नं. 39410-81 करनाल, हरियाणा, भारत-132001 वाली सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 630.00, 1236.60 |

इसलिए सूचना के प्रकाशन के 60 दिन के अंदर, सम्बन्धित कर्जदार/सह-कर्जदार के विरुद्ध, यहां ऊपर दर्शाये अनुसार कुल बकाया राशि का भुगतान करने के लिए उनका आह्वान करते हुए, यहां ऊपर वर्णितानुसार कर्जदारों/सह-कर्जदारों को नोटिस दिया जाता है। सम्बन्धित कर्जदार/सह-कर्जदार द्वारा आगे के ब्याज सहित कुल बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहने पर, फीनिक्स एआरसी लिमिटेड ऊपर वर्णित अनुसार सम्पत्तियों पर प्रतिभूति हित के प्रवर्तन के लिए धारा 13(4) के तहत कार्यवाही करने के लिए बाध्य होंगे, अधिनियम और यहां इनके तहत बनाए गए नियमों के अन्तर्गत निर्धारित अनुसार अन्य तरीकों से सूचना की तामिल के लिए कदम भी उठाए जा रहे हैं। आपको नोटिस दिया जाता है कि सरफेसी एक्ट की धारा 13 (8) में वर्णित अनुसार बिक्री द्वारा हस्तांतरण के लिए निजी सन्धि अथवा सार्वजनिक नीलामी के लिए सूचना के प्रकाशन की तिथि से पूर्व किसी भी समय सम्पूर्ण देय राशि के साथ-साथ लागत, परिव्यय और फीनिक्स एआरसी लिमिटेड द्वारा किए गए व्यय के भुगतान करने पर उक्त गिरवी को छुड़ाया जा सकता है। ध्यान दें कि सरफेसी एक्ट की एस-13 (13) के सम्बन्ध में, आपको बिक्री द्वारा, लीज अथवा किसी अन्य तरीके से प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के साथ डीलिंग और/अथवा हस्तांतरण करने से एतद द्वारा निषेध किया जाता है।

स्थान : हरियाणा दिनांक : 08.04.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, फीनिक्स एआरसी लिमिटेड (ट्रस्टी के तौर पर क्षमता में)

**फीनिक्स एआरसी लिमिटेड (पूर्व में 'फीनिक्स एआरसी प्राईवेट लिमिटेड' के रूप में जानी जाती)**

CIN No.-U67190MH2007PLC168303 Website: www.phoenixarc.co.in पंजीकृत कार्यालय : तृतीय तल, वॉलेस टावर्स, 139/140/बी/1, सहर रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे का क्रॉसिंग, विले पार्ले ईस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, 400057 टेली. : +91 02268492450.


### हरियाणा में पुलिस कांस्टेबल की भर्ती

## पीएमटी से पहले वेरिफिकेशन छूटे अभ्यर्थियों को राहत

- कांस्टेबलों के 5500 पदों के लिए करीब दो लाख 70 हजार युवाओं की तरफ से आवेदन किया गया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने पुलिस विभाग में कांस्टेबल भर्तियों के लिए फिजिकल मेजरमेंट टेस्ट (पीएमटी) के कार्यक्रम का ऐलान कर दिया हैं। अब ग्रुप सी में बायोमेट्रिक वेरीफिकेशन से छूटे अभ्यर्थियों के वेरिफिकेशन भी शुरू किए जाएंगे। यह प्रक्रिया 15 अप्रैल से पहले पूरी की जाएगी। आयोग चेयरमैन हिम्मत सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर इस चारे में जानकारी दी। हरियाणा में कांस्टेबलों के 5500 पदों के लिए करीब दो लाख 70 हजार युवाओं की तरफ से आवेदन किया गया है। इनमें से बहुत से ऐसे हैं जिन्होंने सीईटी ग्रुप-सी के लिए वर्ष 2025 में परीक्षा दी थी। आयोग चेयरमैन ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों का सीईटी ग्रुप सी 2025 की परीक्षा के दौरान बायोमेट्रिक सत्यापन नहीं हो सका था और उन्होंने पुलिस भर्ती के लिए आवेदन किया हुआ है, उन सभी का बायोमेट्रिक सत्यापन पीएमटी से पूर्व कराया जाएगा। हिम्मत सिंह ने कहा कि अभ्यर्थियों को दुविधा में पड़ने की जरूरत नहीं है। बायोमेट्रिक के बाद पीएमटी की प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा।

### रोहतक में भाजपा की बड़ी बैठक

## 4706 शक्ति केंद्रों पर कार्यक्रम की रणनीति तैयारः बड़ौली

- आंबेडकर जयंती पर बूथ स्तर तक अभियान चलाएगी भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए बड़ा अभियान शुरू करने की तैयारी कर ली है। रोहतक स्थित पार्टी कार्यालय में मोहन लाल बड़ौली की अध्यक्षता में हुई प्रदेश स्तरीय बैठक में 21 और 22 अप्रैल को 4706 शक्ति केंद्रों पर व्यापक बैठकों का खाका तैयार किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका और आगामी चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान कृष्ण बेदी, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, डॉ. अर्चना गुप्ता और सुरेंद्र पूनिया सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक के बाद बड़ौली ने कहा कि पार्टी का स्थापना दिवस हजारों बूथों पर मनाया गया और अब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 13 से 20 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। मोदी सरकार की नीतियों को घर-घर पहुंचाया जाएगा।




### आप नेता ढांडा ने सरकार पर साधा निशाना

## मंडियों की बदहाल स्थिति के लिए सरकार जिम्मेदार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



बारिश में खराब होती फसल पर सरकार चुप, नमी को बहाना बना कर खरीद रोकी

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने हरियाणा की भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर तीखा हमला करते हुए मंडियों की बदहाल स्थिति को लेकर सरकार को पूरी तरह फेल करार दिया। ढांडा ने कहा कि मार्च और अप्रैल 2026 में सामान्य से 70% अधिक बारिश हुई, जिससे 23 लाख हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुआ और 10-15% फसल नष्ट हुई। इसके बावजूद मंडियों में तिरपाल और शेड की कमी के कारण हजारों क्विंटल गेहूं खुले में भीग रहा है और सड़ने की कगार पर है। सरकार ने नमी को बहाना बनाकर खरीद रोक रखी है।उन्होंने प्रमुख मंडियों जैसे कुरुक्षेत्र, रोहतक, पानीपत और हिसार का हवाला देते हुए कहा कि नई बायोमेट्रिक गेट पास प्रणाली फेल हो चुकी है, पोर्टल बंद है और किसानों को घंटों लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है। आढ़तियों की हड़ताल और सरकारी उदासीनता के कारण लाखों क्विंटल गेहूं मंडियों में पड़ा है। ढांडा ने सवाल उठाया कि क्या यही 'विकसित हरियाणा' मॉडल है, जहां किसान अपनी मेहनत की फसल बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है।


### कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

मु.न. 438 दिनांक 04.11.2025 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना गन्नौर जिला सोनीपत ।

**गुमशुदा की पहचान**



नाम - साधना कौशिक ।
पति का नाम - विपिन कुमार।
पता - वासी गांव हसनपुर जिला प्रयागराज उत्तर प्रदेश।
उम्र 28 वर्ष ।
कद - 5 फुट ।
हुलिया- रंग गेंहुआ, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखें, लम्बी नाक, सामान्य शरीर है।
पहनावा - बादामी रंग की साड़ी, पैरों में जूते पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 31.11.2025 को साधना कौशिक पुत्री अशोक कुमार वासी गांव पीपली खेड़ा जिला सोनीपत बिना किसी को बताए सन्त निरकारी समागम ग्राउड़ समालखा, पानीपत से कहीं चली गयी है। अब तक वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

प्रबन्धक थाना -7419410542
अनुसंधानकर्ता मो. नं. - 8059581886
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/4664/2027/44474/88/6 दि. 07.04.26


## नूंह-तावडू मंडियों में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

# किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नूंह

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने मंगलवार को नूंह और तावडू की अनाज मंडियों का दौरा कर किसानों की समस्याएं सुनीं। तावडू मंडी में किसानों ने नमी जांच को लेकर गंभीर शिकायतें रखीं। किसानों का आरोप था कि सरकारी और निजी मशीनों में नमी के आंकड़ों में बड़ा अंतर है, जिससे उनकी फसल खरीद प्रभावित हो रही है। इस पर राव नरेंद्र ने इसे किसानों के साथ अन्याय बताते हुए सरकार की नीतियों को किसान विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि जटिल प्रक्रियाएं जैसे गेट पास, ओटीपी और बायोमेट्रिक भी किसानों के लिए परेशानी बढ़ा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद सुनिश्चित नहीं कर रही और विभिन्न शर्तों के जरिए किसानों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। बेमौसमी बारिश को लेकर भी उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि किसान दोहरी मार झेल रहा है।



**क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों पर कार्रवाई तयः** राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के मुद्दे पर सख्त रुख अपनाते हुए राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि पार्टी विरोधी मतदान करने वाले विधायकों के खिलाफ रिपोर्ट तैयार कर हाईकमान को भेज दी गई है और जल्द कार्रवाई होगी।


### Horticulture Department, Haryana

Integrated Horticulture Development Centre,
Sundrah, (Mahendragarh)
Email:- ihdcsundrah@gmail.com, Ph:-01285-244076

**एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र सुन्दरह महेन्द्रगढ़ में वर्मीकम्पोस्ट युनिट में केचुएं खरीदने के लिए कोटेशन आंमत्रित**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, जिला महेन्द्रगढ़ में वर्मीकम्पोस्ट युनिट के लिए केचुओं की आवश्यकता है जिसकी व्यवस्था करने हेतु खुले बाजार से कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं। केचुओं का विवरण निम्न प्रकार से है:-

| Sr. No. | Particulars | Specifications | Quantity |
|---|---|---|---|
| 1. | Earthworm | **Species:-** Eisenia Fetida<br>**Stage:-** Mature, breeding stage worms capable of rapid reproduction<br>**Length:-** 6-10 cm per worm | 100 किलोग्राम |

इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 15.04.2026 सुबह 10 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर/ ई-मेल (ihdcsundrah@gmail.com) के माध्यम से जमा करवा सकते हैं। केन्द्र की आकलन कमेटी द्वारा कुटेशन आकलन करने उपरांत सबसे कम मुल्य वाली कुटेशन फर्म को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सभी अधिकार केन्द्र की आकलन कमेटी के पास होंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह कार्यालय में दूरभाष नं. 9828499793 पर संपर्क करें।

हस्ता/-उपनिदेशक उद्यान
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह

पीआरडीएच-1149/11/1069/2027/44468/88/6 दि. 07.04.26



### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :-

**SW/BSO/733+734**

हमकि बिजेन्द्र सिहं - सुरेन्द्र सिहं पुत्रान दलेल पुत्र रिशाल सिहं, निवासीगण मकान न0 145, डाकखाना उजवा, मुण्ढेला खुर्द, दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली-110073 एवं बिस्वेदारान गांव दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022-23, के अनुसार अराजी खेवट न0 290 मिन/208/4, खाता न0 298 मिन, मु0 न0 35, किला न0 18/2/1(1-0), 19/1/1(2-6) किते 2, तादादी रकबा 3 कनाल 6 मरले का 210/2171 भाग, बकदर 0 कनाल 6.38 मरले (जिसमें बिजेन्द्र सिहं - सुरेन्द्र सिहं हर दो समभाग) व खेवट न0 291/208/5, खाता न0 299, मु0 न0 54, किला न0 2/3/2(0-2), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 2 मरले का 3/19 भाग, बकदर 0 कनाल 0.31 मरला (जिसमें बिजेन्द्र सिहं - सुरेन्द्र सिहं हर दो समभाग), उपरोक्त दोनों खेवटों से कुल तादादी रकबा 0 कनाल 6.69 मरले (0.0418125 एकड़) वाका रकबा मौजा दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को भूमि मु0 न0 35, किला न0 18/2/1 मिन (0-1.93), 19/1/1 मिन (0-4.45) मु0 न0 54, किला न0 2/3/2 मिन (0-0.31), किते 3, तादादी रकबा 0 कनाल 6.69 मरले (0.0418125 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 07.04.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0-285, सैक्टर-14,
गुरूग्राम - 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com


**स्थापना दिवस के साथ एक बार फिर सक्रिय हुए भाजपा दिग्गज**

# चुनावी मुहिम के बाद पीएम मोदी को हरियाणा में बुलाने की तैयारी

- अंबाला में शहीद स्मारक और एयरपोर्ट उद्‌घाटन को लेकर विज और जेपी नड्डा भी सक्रिय
- पंजाब में भी सैनी की बढ़ती सक्रियता, मान सरकार पर हमलों के बीच भाजपा की पकड़ मजबूत करने की रणनीति

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

### भाजपा की नजर पंजाब पर

पंजाब में भाजपा हरियाणा की ओर से चल रहे प्रयासों के बारे में भी हरियाणा भाजपा और सीएम की ओर से पीएम को अवगत कराया जा रहा है। आने वाले समय में पंजाब का विस चुनाव भी सिर पर है। सीएम नायब सैनी पंजाब को लेकर बेहद सक्रिय हैं, लगभग हर सप्ताह उनका पंजाब में कहीं ना कहीं कार्यक्रम लगा हुआ है। इतना ही नहीं पंजाब से भाजपा के नेताओं और सीएम हरियाणा नायब सिंह सैनी को लेकर बढ़िया रिस्पांस आ रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर से हरियाणा की माटी पर बुलाने की तैयारी है। इस क्रम में हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी पीएम से मुलाकात कर चुके है, पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों की चुनावी मुहिम समाप्त हो जाने के साथ ही पीएमओ से तारीख पर मुहर लग जाने की संभावना है, अहम बात यह है कि हरियाणा की माटी पर पीएम के दौरे के दौरान कई अहम और ऐतिहासिक प्रोजेक्ट्स का उद्‌घाटन कराने की तैयारी है। सीएम की गत दिवस और उसके पहले भी हुई मुलाकात के दौरान उन्हें हरियाणा बुलाने की तैयारी है। इसके पहले भी राज्य में चल रहे अहम प्रोजेक्ट्स को लेकर दिल्ली हाईकमान को अपडेट दिया जा चुका है। पीएम के दौरे से हरियाणा भाजपा एक तीर से कई निशाने साधने की तैयारी में है। सीएम सैनी मोदी से मुलाकात के दौरान अहम मुद्दों पर विस्तार से अपडेट दे चुके हैं। बताया जा रहा है कि मोदी अंबाला छावनी में तैयार हो रहे शहीद स्मारक के उद्‌घाटन के साथ ही प्रदेश के अन्य हिस्सों में होने वाले उद्‌घाटन अंबाला से ही ऑनलाइन रिमोट के जरिए कर सकते हैं। इसके लिए विज भी और जेपी नड्डा से मुलाकात कर इस बारे में आग्रह कर चुके हैं।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में गंगवा से आर्य नगर तक आरडी 0.00 से 5.550 (रोड आईडी 11551) बाढ़ प्रभावित रोड की विशेष मरम्मत (एसडीओ ओपी एस/डिवीजन डीएचबीवीएन गंगवा के तहत एचटी/एलटी लाइंस और एसडीओ ओपी एस/डिवीजन डीएचबीवीएन बालसमंद के तहत 11 केवी तुसली लाइन की शिफ्टिंग का प्रावधान केवल)। | 06.04.2026 13.04.2026 | 197.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प रोहतक | एलसी नं. 139 पर नरवाना समैण रोड पर रेलवे अंडरपास का निर्माण (सी.एम. घोषणा सं. 17981 दिनांक 18.12.2016) (स्ट्रीट लाइट का प्रावधान केवल)। | 06.04.2026 11.04.2026 | 20.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | बाबैन - गांव बाबैन ब्लॉक बाबैन में राजकीय मिडल स्कूल/जयपाल पुत्र रामकिशन की दुकान की तरफ गुगा मडी से आईएलपीबी फिरनी की रिपेवमेंट + 1 कार्य। | 04.04.2026 10.04.2026 | 57.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज सोनीपत | गांव दीपालपुर में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण + 1 कार्य। | 06.04.2026 15.04.2026 | 80.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज अम्बाला | एचआरडीएफ - गांव जनेतपुर, ब्लॉक अम्बाला-II में तालाब के निकट पंचायती भूमि में पार्क का निर्माण + 1 कार्य। | 03.04.2026 09.04.2026 | 45.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 5 वर्षीय वारंटी सहित 90 वाट एलईडी स्ट्रीट लाइट्स। | 08.04.2026 07.05.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | जल सेवाएं (एम) मण्डल, फरीदाबाद के लिए हार्डवेयर और वैद्युत मदों की आपूर्ति के लिए 01 अदद निविदा, हिसार जल सेवाएं (एम) मण्डल, हिसार के लिए हार्डवेयर, वैद्युत मदों और बियरिंग्स की आपूर्ति के लिए 3 अदद निविदाएं। | 07.04.2026 21.04.2026 | 70.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722582542 xenproc@gmail.com |
| 8 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- सिरसा कस्बा की विभिन्न गलियों में रोप सैक द्वारा एस.डब्ल्यू. पाइप लाइन 200 मिमी आई/डी की गाद निकालना और सफाई, बकेट टाइप सीवर क्लीनिंग मशीन द्वारा आकार 250 मिमी से 400 मिमी आई/डी की सीवर लाइन की गाद निकालना और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 04.04.2026 10.04.2026 | 30.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 9 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | ऐलनाबाद कस्बा :- नहर आधारित जलघर ऐलनाबाद के लिए बुधीमेरी में कच्चा जल पम्पिंग स्टेशन पर डीआई स्पेशल, स्लुइस वॉल्व, एनआरवी, आर्मर्ड केबल, केबल ट्रे की आपूर्ति, फिक्सिंग और स्थापना और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। सीएच.हैड :- ऐलनाबाद कस्बे की जलापूर्ति योजना का संवर्धन। 'दक्षिणी घग्गर नहर से मौजूदा जलघर तक नया वाटर कैरियर (800 मिमी आई/डी डी.आई. राइजिंग मेन) को बिछाना और मौजूदा जलघर संरचनाओं की मरम्मत, एस/एस टैंकों का निर्माण।' | 04.04.2026 10.04.2026 | 23.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | जेएलएन फीडर के पम्प हाउस जेएफ-II आरडी 343100 की चारदिवारी पर चेन लिंक फेंसिंग की स्थापना। | 06.04.2026 13.04.2026 | 10.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 11 | महिला एवं बाल विकास विभाग पंजीरी प्लांट, घरौंडा, करनाल | वर्ष 2026-27 हेतु एचडीपीई बेग्स की निविदा के लिए विज्ञापन। | 07.04.2026 28.04.2026 | 6 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466703499 panjiriplantwcdgharaunda@yahoo.co.i |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2027/220/44490/I/88/6 दि. 07.04.26

## पूर्व वित्त मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता ने राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पर उठाए सवाल

# जनता और विधायकों का कांग्रेस नेतृत्व से विश्वास उठ चुका असली 'खेल' का खुलासा होना चाहिए : कैप्टन अभिमन्यु

- कहा-विधायक के वोट को देखने का अधिकार पोलिंग एजेंट के पास, यदि एजेंट को नाम याद नहीं तो दाल में कुछ काला है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता कैप्टन अभिमन्यु ने हरियाणा में राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिंग को लेकर साफ किया कि निर्दलीय प्रत्याशी का अतीत में भी सभी दल समर्थन करते रहे हैं। राज्यसभा चुनाव में ऐसा इतिहास रहा है।

कैप्टन अभिमन्यु ने चंडीगढ़ में मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर सतीश नांदल ने इस बार राज्यसभा का चुनाव लड़ा था। नांदल को भारतीय जनता पार्टी के अलावा निर्दलीय व कई कांग्रेस विधायकों ने भी समर्थन किया। कांग्रेस विधायकों ने पार्टी लाइन से हटकर क्रॉस वोटिंग या वोट रद्द के जरिए उनका समर्थन करने का काम किया है। उन्होंने उदाहरण दिया और कहा कि अतीत में भी तीन बार कांग्रेस विधायकों के वोट इसी तरीके से रद्द या खारिज हुए हैं।

कांग्रेस विधायकों के वोट रद्द होने या क्रॉस वोटिंग पर कैप्टन अभिमन्यु ने बिना नाम लिए हरियाणा कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साधा व साथ ही कहा कि जनता और विधायकों का विश्वास कांग्रेस नेतृत्व से उठ चुका है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं में नेतृत्व को लेकर भी दुविधा नजर आती है। यह कारण भी है कि आपस में संघर्ष चलता रहता है। चुनाव में क्रॉस वोटिंग के जरिए निर्दलीय प्रत्याशी का समर्थन करने वाले विधायकों को मैं धन्यवाद करता हूं।

पूर्व मंत्री ने कहा कि वैसे तो यह पूरा मामला कांग्रेस की अंदरूनी बात है, वह कितना इसको समझ पाते हैं। राज्यसभा चुनाव और कांग्रेस के इतिहास में पहले भी इस तरह के 'खेला' हो चुका है। कार्रवाई के नाम पर अभी भी वही काम होगा, जो पहले होता रहा है। इस बार चुनाव में कांग्रेस ने गंभीरता का संदेश भी दिया था और पार्टी विधायकों को हिमाचल प्रदेश में ले जाकर ट्रेनिंग दी गई। चुनाव में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को पोलिंग एजेंट भी बनाने का काम कांग्रेस की ओर से किया गया। चुनाव में किसी विधायक के वोट को देखने का अधिकार सिर्फ पार्टी के पोलिंग एजेंट को होता है, एजेंट सबके नाम याद रखने में सक्षम नहीं है तो दाल में कुछ काला दिखाई दे रहा है।

### क्रॉस वोटिंग के नाम पर कुछ को बलि का बकरा तो नहीं बनाया जा रहा



राज्यसभा चुनाव को लेकर पूर्व मंत्री ने कहा कि क्रॉस वोटिंग के नाम पर कुछ को बलि का बकरा बनाना बिल्कुल भी ठीक नहीं है, इसका सच जनता के सामने आना चाहिए। कुछ लोग धन बल और करोड़ों की राशि के दावे कर रहे हैं। इस तरह के नेताओं व आरोप लगाने वालों को धन बल प्रयोग के सबूत दिखाने चाहिए। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार लोगों को ऐसे ही बयान नहीं देने चाहिएं। आरोप लगाने से पहले पूर्व के राज्यसभा चुनाव नतीजों की समीक्षा होनी चाहिए। आरोप लगाने वाले नेताओं का सिस्टम पूरी तरह से फेल हो चुका है, उनके पास में जवाब देने के लिए कुछ नहीं बचा है।

### आरक्षण के नाम पर साजिश रच प्रदेश को जलाया

आरक्षण समिति अध्यक्ष रहे यशपाल मलिक और समिति से जुड़े सोमवीर जसिया के बयानों को लेकर भी कैप्टन अभिमन्यु ने जवाब दिया, जिसमें मलिक और सोमबीर जसिया ने कहा था आरक्षण आंदोलन के दौरान उनका घर जलाने की बड़ी साजिश रची थी। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि हरियाणा में कुछ लोगों ने आरक्षण के नाम पर पूरे प्रदेश को दंगों की आग में जलाने की साजिश रची और उन्होंने खुद इस पीड़ा को झेला है। मात्र संपत्ति और कोठी ही नहीं बल्कि उनके परिवार पर जानलेवा हमला हुआ था। गहरी साजिश में हरियाणा और बाहरी राज्यों के कथित नेता भी शामिल थे।

### 'आप' का चेहरा बेनकाब

पंजाब में बतौर प्रभारी और सहप्रभारी काम कर चुके पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि पंजाब में पिछले चुनाव के दौरान जनता ने आम आदमी पार्टी को सत्ता देकर प्रयोग किया था, इससे उन्हें निराशा ही मिल रही है। अब जनता आप सरकार से निजात चाहती है। पंजाब की जनता बीजेपी के साथ देश की मुख्य धारा में शामिल होकर, अपने प्रदेश को मजबूत देखना चाहती है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी पूरी ताकत लगाकर पंजाब में कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा रहे हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि पंजाब के बड़े नेता लगातार भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

## नौ वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले को 40 वर्ष कैद

**पानीपत।** असिस्टेंट सेशन जज फास्ट ट्रैक कोर्ट (पॉस्को) पीयूष शर्मा की अदालत में नौ साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के दोषी युवक को 40 साल के कठोर कारावास की सजा दी है। अदालत ने आरोपी प्रदीप पुत्र हरिदवारी निवासी गांव सरसावन जिला शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश पर 55 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर दोषी प्रदीप को तीन साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। प्रदीप अपराध के वक्त पानीपत की कुलदीप कॉलोनी में रह रहा था। शिकायत के अनुसार, 25 जून 2024 को दुष्कर्म पीड़ित लड़की की माता की शिकायत पर थाना ओल्ड इंडस्ट्री पुलिस ने प्रदीप पर 6 पॉस्को एक्ट के तहत आरोपों में केस दर्ज किया था। पुलिस ने लड़की की बयान दर्ज किए और उसकी मेडिकल जांच करवाई। पुलिस ने आरोपी प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि अदालत ने प्रदीप को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। करीब दो वर्ष बाद इस केस में अदालत ने कठोर फैसला सुनाते हुए 40 वर्ष कैद की सजा सुनाई है।

# नशे में धुत चालक ने दौड़ाई स्कूल बस, बच्चे चिल्लाते रहे

- एक युवक ने बस को रुकवा अपनी गाड़ी में बच्चों को छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिले में 'श्रीराम ग्लोबल स्कूल' के एक ड्राइवर ने शराब के नशे में धुत होकर बच्चों से भरी बस को सड़क पर बेतहाशा दौड़ाया। इस दौरान बच्चे चीखते रहे। गनीमत रही कि समय रहते एक जागरूक युवक ने बस रुकवा ली, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

घटना मंगलवार सुबह की है, जब करनाल के श्रीराम ग्लोबल स्कूल की बस बजीदा गांव से बच्चों को लेकर स्कूल की ओर जा रही थी। बस में करीब 10 से 15 बच्चे सवार थे। जैसे ही बस गांव से बाहर निकलकर नेवल रोड पर पहुंची, चालक ने तेज रफ्तार में संतुलन खो दिया। बस सड़क के बिल्कुल किनारे पर चलने लगी और तेज झटके लगने के कारण बच्चे दहशत में आ गए। उसी समय वहां से एक युवक अपनी गाड़ी से गुजर रहा था। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर युवक ने तुरंत अपनी गाड़ी बस के आगे लगाकर उसे रुकवाया। उसने देखा कि ड्राइवर पूरी तरह नशे में चूर था और ठीक से खड़ा भी नहीं हो पा रहा था। युवक ने अपनी गाड़ी से बच्चों को स्कूल छोड़ा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग हरकत में आया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि ड्राइवर के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उसका लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश होगी। इस मामले में स्कूल प्रशासन पर भी कार्रवाई हो सकती है।

### ड्राइवर बोला-चंडीगढ़ से शराब पीकर आया हूं




युवक ने जब ड्राइवर से पूछताछ की और उसका वीडियो बनाया तो ड्राइवर ने लड़खड़ाती जुबान में स्वीकार किया कि वह चंडीगढ़ से शराब पीकर आया है। बस में स्कूल की एक महिला कर्मचारी भी मौजूद थी, लेकिन उसने भी पल्ला झाड़ लिया। इसके बाद चालक बिना कुछ सुने बस को लेकर फरार हो गया।

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग का दावा

## अमेरिका में करनाल के गैंगस्टर भानु राणा की हत्या कर दफनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सोशल मीडिया पर एक बड़ा दावा किया है। लॉरेंस गैंग के सरपंच बॉस की ओर से पोस्ट डालकर कहा गया है कि उनके गैंग ने करनाल निवासी गैंगस्टर भानु राणा की अमेरिका के कैलिफोर्निया में हत्या कर शव को दफना दिया है। पोस्ट में दावा है कि एक साल पहले ही पोस्ट डालकर लिखा था कि हम भानु राणा को मरवा देंगे। यह देश के खिलाफ काम कर रहा था। इसे मारकर धरती में 10 फीट नीचे दफना दिया। हालांकि इस खबर की अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

भानु राणा पहले लॉरेंस गैंग से ही जुड़ा हुआ था। नवंबर 2025 में सामने आया था कि भानु राणा को अमेरिका में गिरफ्तार किया गया है। वह 2023 में फर्जी पासपोर्ट बनवाकर वह अमेरिका भाग गया था। करनाल एसटीएफ ने जून 2025 में भानू के दो करीबियों को हैंड ग्रेनेड के साथ गिरफ्तार किया था। उन्होंने खुलासा किया था कि उन्होंने जालंधर में भी ग्रेनेड सप्लाई किए थे।

### राणा पर रंगदारी व फायरिंग के कई केस



भानु राणा करनाल के सांभली गांव का रहने वाला था। उसके पिता बिल्लू की कई साल पहले मौत हो गई थी। सांभली गांव में उसकी मां ही रहती है। भानु राणा पर 2015 में लड़ाई-झगड़े का पहला मामला दर्ज हुआ था। 2018 में वह लॉरेंस गैंग से जुड़ गया। फिर व्यापारियों से रंगदारी मांगने लगा व शूटआउट में भी उसका नाम आया। अमेरिका भागने के बाद करीब एक साल पहले भानु के लॉरेंस गैंग से रिश्ते बिगड़ गए। तभी से वह उनके निशाने पर था।

## औरत के कपड़े पहन लिफ्ट लेकर लूटा

**जींद।** औरत के कपड़े पहने एक युवक ने पिकअप गाड़ी में लिफ्ट लेकर चालक पर ईंट से हमला कर दिया और 25 हजार रुपये की नगदी लूटकर फरार हो गया। सदर थाना पुलिस ने घायल चालक की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

हिसार के गांव कालवाल निवासी सुरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सीकर से प्याज भरकर जींद मंडी के लिए चला था। मध्यरात्रि के बाद वह ईक्कस मोड़ पर पहुंचा तो एक औरत ने इशारा कर रुकने को कहा। गाड़ी के रोकने पर उसने सब्जी मंडी जाने के लिए लिफ्ट मांगी। उसने औरत समझ लिफ्ट दे दी। उसने लघुशंका के बहाने गाड़ी रुकवा ली। जैसे ही वह भी नीचे उतरा तो उसने हाथापाई कर ईंट से हमला कर दिया। आरोपित उसकी जेब से 25 हजार रुपये लूट कर फरार हो गया।

## 6 करोड़ की हेरोइन के साथ तस्कर काबू

**पंचकूला।** पुलिस ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय नशा तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पांच अप्रैल को सेक्टर-20, कुंडी गांव के पास से लवजोत सिंह (23) निवासी जलालाबाद, पंजाब को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 3 किलो 89 ग्राम हेरोइन और 15 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस हेरोइन की कीमत 6 करोड़ रुपये से अधिक है। आरोपी चंडीगढ़ में किराए पर रहता था और ट्राइसिटी में नशा बेचता था। पुलिस ने बताया कि आरोपी लवजोत सिंह बीसीए पास है और वह यह खेप सीधे पाकिस्तान बॉर्डर से लेकर आया था। इससे पहले पुलिस ने 310 ग्राम हेरोइन के साथ साहिल डेराबस्सी को पकड़ा था। उसके बाद उसके फुफेरे भाई सतनाम को पकड़ा गया और अब लवजोत की गिरफ्तारी हुई। हरियाणा में इतनी बड़ी मात्रा में हेरोइन की यह दूसरी बड़ी बरामदगी है।

### बादशाह ने राष्ट्रीय महिला आयोग से माफी मांगी

## 4 माह में पॉजीटिव गाना व 50 बच्चियों की पढ़ाई का खर्च उठाने का किया वादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

प्रदेश में टटीरी सॉन्ग विवाद में बुरी तरह फंसे बॉलीवुड सिंगर व रैपर बदशाह ने राष्ट्रीय महिला आयोग के सामने पेश होकर बिना शर्त माफी मांगी है। मंगलवार को उनके साथ दिल्ली में निर्देशक जोबन संधू व महावीर सिंह के साथ-साथ निर्माता हितेन भी पेश हुए। इस मामले की सुनवाई आयोग की अध्यक्षा विजया रहाटकर ने की।

टटीरी सॉन्ग



आयोग के सामने बादशाह ने न केवल माफी मांगी ब्लकि महिला सशक्तिकरण के लिए काम करने, 4 महीनों के भीतर महिलाओं पर एक पॉजीटिव सॉन्ग बनाने और आर्थिक रूप से कमजोर 50 लड़कियों की शिक्षा का खर्च उठाने का वादा किया। बता दें कि टटीरी सॉन्ग काफी पुराना है, लेकिन बादशाह ने इसे रैप में दोबारा 1 मार्च को रिलीज हुआ था। इस नए गाने के रैप के बोल व कुछ सीन को लेकर सामाजिक संगठनों ने इसे बच्चियों की गरिमा से खिलवाड़ बताया था।

इस मामले में हरियाणा में तीन केस और महिला आयोग में शिकायत दर्ज हुई। इसके बाद पंचकूला पुलिस ने सॉन्ग को यूट्यूब से हटवा दिया। बादशाह ने वीडियो जारी कर माफी मांगी थी। राज्य महिला आयोग ने बादशाह के आयोग के सामने न आने पर उनकी गिरफ्तारी तक की सिफारिश की थी।




## बैंकों को जमा जुटाने में लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा

# जमा वृद्धि के मामले में निजी क्षेत्र के बैंकों का प्रदर्शन सार्वजनिक बैंकों से बेहतर

### सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में यह वृद्धि दो से 14 प्रतिशत रही

एजेंसी ▶▶| मुंबई

निजी क्षेत्र के बैंकों ने जमा वृद्धि के मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को पीछे छोड़ते हुए मजबूत वृद्धि दर्ज की है। हालांकि कुल मिलाकर बैंकों को जमा जुटाने में लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। बैंकों के अस्थायी आंकड़ों को समग्र रूप से देखने पर पता चलता है कि वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में निजी बैंकों ने जमा में 12 से 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में यह वृद्धि दो से 14 प्रतिशत रही।

**वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में निजी बैंकों ने जमा में 12 से 17% की वृद्धि**

एजेंसी द्वारा संकलित आंकड़ों के मुताबिक, कम लागत वाली जमाओं पर लगातार दबाव के कारण, बैंक हाल की तिमाहियों में जमा प्रमाणपत्र के माध्यम से कोष जुटाने पर अधिक निर्भर रहे हैं। जमा जुटाना विशेष रूप से चालू खाता एवं बचत खाता (सीएएसए) के मामले में चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। इसका कारण यह है कि अपेक्षाकृत कम ब्याज दरों के कारण अन्य वित्तीय उत्पादों की तुलना में ये जमा कम आकर्षक हो गए हैं।

#### एचडीएफसी की जमा वृद्धि 14 फीसदी रहने का अनुमान

घरेलू ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल ने एक रिपोर्ट में कहा कि एचडीएफसी बैंक की जमा वृद्धि वित्त वर्ष 2027-28 तक 14 प्रतिशत बनी रहने का अनुमान है और उस समय तक कर्ज-जमा अनुपात घटकर 94 प्रतिशत रहने की संभावना है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में बैंक ऑफ इंडिया ने जनवरी-मार्च तिमाही में 14.33 प्रतिशत की जमा वृद्धि दर्ज की। इसके बाद बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 14 प्रतिशत और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने 13.37 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।




#### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की

निजी बैंकों में से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की। बैंक की जमा राशि 17.2 प्रतिशत बढ़कर 2.43 लाख करोड़ रुपये हो गई। इसके बाद कोटक महिंद्रा बैंक 14.7 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक 14.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे।

#### एसबीआई ने नहीं किए आंकड़े जारी

अधिकांश बैंकों ने मार्च तिमाही खत्म होने के बाद अस्थायी प्रदर्शन आंकड़े साझा किए हैं। लेकिन देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई जैसे कुछ बैंकों ने ये आंकड़े नहीं दिए हैं। हालांकि कर्ज के मामले में सरकारी बैंकों का प्रदर्शन निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में अपेक्षाकृत बेहतर रहा है।

#### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 2.92 लाख का दिया ऋण

सरकारी बैंकों ने इस मामले में 12 से 22 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की है जबकि निजी बैंकों ने 12 से 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने सालाना आधार पर 22 प्रतिशत वृद्धि के साथ 2.92 लाख करोड़ रुपये का ऋण दिया। इसके अलावा, यूको बैंक ने 20 प्रतिशत वृद्धि के साथ 2.34 लाख करोड़ रुपये और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने 18.90 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3.45 लाख करोड़ रुपये के कर्ज दिए।

#### ऋण वृद्धि 13.8 प्रतिशत रही

मोतीलाल ओसवाल की रिपोर्ट के मुताबिक, 15 मार्च, 2026 तक ऋण वृद्धि 13.8 प्रतिशत रही और पर्याप्त नकदी एवं जीएसटी कटौती के बाद उपभोग-आधारित सुधार के कारण इसमें तेजी बनी हुई है।

## ईरान युद्ध से प्रभावित कारोबारों के लिए ऋण गारंटी योजना पर विचार

■ सरकार एमएसएमई को राहत देने 2.5 लाख करोड़ की योजना ला सकती है

**नई दिल्ली।** सरकार पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित कारोबारों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को राहत देने के लिए 2.5 लाख करोड़ रुपये की ऋण गारंटी योजना लाने पर विचार कर रही है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस योजना के तहत अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण उधारकर्ताओं द्वारा ऋण चुकाने में चूक होने की स्थिति में उधारदाताओं को 100 करोड़ रुपये तक के ऋणों पर करीब 90 प्रतिशत की ऋण गारंटी प्रदान की जाएगी। बैंक ऋण पर यह गारंटी नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी (एनसीजीटीसी) देगी जो सरकार की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। इस योजना के लिए सरकार को करीब 17,000 करोड़ से 18,000 करोड़ रुपये का प्रावधान करना होगा। सूत्रों ने बताया कि ऐसी ही योजना कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान भी लागू की गई थी, जो काफी सफल रही।



#### रुपया 10 पैसे टूटकर 93 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया मंगलवार को 10 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.00 (अस्थायी) पर रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने की समयसीमा और भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले निवेशकों में चिंता बनी रही, जिससे घरेलू मुद्रा पर दबाव देखा गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, अस्थिर वैश्विक हालात के बीच विदेशी पूंजी की लगातार निकासी, मजबूत डॉलर और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण रुपया डॉलर के मुकाबले दबाव में बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 93.05 पर खुला। इसके बाद इसमें गिरावट आई और यह 93.07 प्रति डॉलर पर पहुंच गया।

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Ms. Aashima Garg
City Civil Court,
UNION BANK OF INDIA THROUGH DALIP KUMAR
VS.
ASHU W/O PRADUMAN
CASE NO. RSUIT/196/2021
CNR No. HRJRA0-000470-2021
Next Date: 16-05-2026
PUBLICATION ISSUED TO :-
ASHU W/O PRADUMAN :-
HNO-166 GANDHI CHOWK VPO- MANOTHI BAHADURGARH
In above titled case, the defendant(s) /respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 16-05-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- City Coil Court
Dated, this day of 07-04-2026

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF HARSIMRAN KAUR KERON
Civil Judge Junior Division,
KULDEEP SINGH S/O KISHAN CHAND
Vs.
1. General Public
CS-28-2026 CNR No. HRJRA0-000036-2026
Next Date:- 23-04-2026
PUBLICATION ISSUED TO :-
1. General Public
:-
India
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s )/respondent(s) should appear in person or through counsel on 23-04-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Civil Judge Junior Division Bahadurgarh
Dated, this day of 07-04-2026

Govt. Model Sanskriti Sr. Sec. School
Model Town, Sonipat
नीलागी सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, माडल टाऊन सोनीपत में 6 कंडम कमरे तथा एक भौतिकी कक्ष की खुली बोली की जानी है। बोली दिनांक 17.04.2026 को प्रातः 1000 राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, माडल टाऊन सोनीपत में होनी सुनिश्चित हुई है। बोली के नियम व शर्तें मौके पर सुना दी जाएगी। नीलामी में भाग लेने के लिए अग्रिम राशि 35,000/- दिनांक 17-04-2020 को मौके पर ही जमा की जाएगी।
प्राचार्य
राजकीय आदर्श संस्कृति बरिष्ठ माध्यमिका विद्यालय, माडल टाऊन सोनीपत

SBI भारतीय स्टेट बैंक
विक्रेताओं के पैनल में शामिल होने की सूचना
पंजाब/हरियाणा/हिमाचल प्रदेश/चंडीगढ़ (केंद्र शासित प्रदेश)/जम्मू और कश्मीर (केंद्र शासित प्रदेश)/लद्दाख (केंद्र शासित प्रदेश) में शाखाओं/कार्यालयों में पुराने अभिलेखों को नष्ट करने के लिए राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के अनुसार विक्रेताओं के पैनल में शामिल करने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
विस्तृत सूचना, आवेदन पत्र, नियम और शर्तें बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in पर (प्रोक्योरमेंट न्यूज़) लिंक से डाउनलोड की जा सकती हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 07.05.2026 है।
मुख्य प्रबंधक (प्रोक्योरमेंट), सर्कल प्रोक्योरमेंट विभाग
प्रगति भवन, एलसीपीसी बिल्डिंग, दूसरी मंजिल, अर्बन एस्टेट, फेज़-3, सामने पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला (पंजाब)-147002, मोबाइल:-9872211721, 9872424234

#### नई फॉक्सवैगन टाइगुन भारतीय बाजार में 9 अप्रैल को होगी लांच, उत्पादन शुरू

**नई दिल्ली।** फॉक्सवैगन टाइगुन ने अपनी पॉपुलर मिड-साइज एसयूवी टाइगुन के फेसलिफ्ट मॉडल की आधिकारिक रूप से घोषणा कर दी है। कंपनी ने पुणे स्थित अपने प्लांट में नई टाइगुन का प्रोडक्शन शुरू कर दिया है। ये अपडेटेड मॉडल 9 अप्रैल 2026 को भारत में लांच होने वाला है। ये टाइगुन का पहला बड़ा अपडेट है, जो 2021 में लांच होने के बाद आ रहा है। कंपनी ने हाल ही में एक टीजर जारी किया था, जिसमें नई टाइगुन को बोल्ड और डिस्टिंक्ट डिजाइन के साथ दिखाया गया है। मिड-साइज एसयूवी सेग्मेंट अब पहले जैसा नहीं रहा।

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी

# बीएसई सेंसेक्स 510 अंक चढ़ा निफ्टी 23,000 अंक के पार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 510 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,000 अंक के पार पहुंच गया। कच्चे तेल के दाम में नरमी और दुनिया के अन्य बाजारों में तेजी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। इसके अलावा, आईटी शेयरों में लिवाली से शुरुआती गिरावट के बाद बाजार में सुधार हुआ।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 509.73 अंक बढ़कर 74,616.58 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह ऊंचे में 74,686.32 अंक तक गया और नीचे में 73,282.41 अंक तक आया। इससे बाजार में 1,403.91 अंक का उतार-चढ़ाव आया। पचास शेयरों पर आधारित निफ्टी 155.40 अंकचढ़कर 23,123.65 अंक पर बंद हुआ।



सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, सन फार्मा और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इंटरग्लोब एविएशन, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.71 प्रतिशत टूटकर 109 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा, ''भारतीय बाजारों में कारोबार के दौरान तेज सुधार देखने को मिला। निफ्टी ने शुरुआती नुकसान से उबरते हुए उच्च स्तर हासिल किया।

#### आईटी, एफएमसीजी व धातु शेयरों में रही तेजी

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू बाजार में सुधार का रुख जारी रहा। हालांकि, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और ईरान के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की समय सीमा को लेकर जारी आशंकाओं के कारण सत्र की शुरुआत कमजोर रही। मुख्य रूप से बढ़त आईटी, दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों और धातु क्षेत्रों में सीमित रही...।''

#### एशिया व यूरोप के बाजार में रही तेजी

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त के साथ बंद हुए। हांगकांग में अवकाश के कारण बाजार बंद थे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में सकारात्मक रुख था।

## चांदी 2,000 रुपये लुढ़की और सोना 600 रुपये टूटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को चांदी की कीमतें 2,000 रुपये टूटकर 2.40 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि सोना 600 रुपये के नुकसान के साथ 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। निवेशक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान को दी गई उस समयसीमा से पहले सतर्क हो गए हैं, जिसमें उन्होंने होर्मुज़ जल डमरूमध्य को फिर से खोलने की मांग की थी। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 2,000 रुपये, या लगभग एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। सोमवार को बाज़ार बंद होने के समय इसकी कीमत 2,42,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। सराफा बाज़ार में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 600 रुपये या 0.4 प्रतिशत टूटकर 1,53,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,53,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने बताया कि सोने की कीमतों पर तब दबाव बढ़ा जब ट्रंप ने ईरान को एक नयी चेतावनी दी। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर होर्मुज़ को फिर से नहीं खोला गया, तो बिजली संयंत्रों और अन्य नागरिक बुनियादी ढांचों पर नए सिरे से सैन्य हमले किए जाएंगे।




#### सैन्य टकराव बढ़ने की आशंका

राष्ट्रपति ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में चेतावनी दी है कि अगर ईरान कोई समझौता नहीं करता है, तो ''आज रात एक पूरी सभ्यता खत्म हो जाएगी।'' इस चेतावनी से सैन्य टकराव बढ़ने की आशंकाएं पैदा हो गई हैं। इन टिप्पणियों से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नकुल सांगवान उर्फ दीपक पुत्रः रोहतास कुमार पताः मकान नं. 3, गली नं. 2, ईस्ट कृष्णा विहार, नजफगढ़, दिल्ली और स्थायी पताः ग्राम पोस्ट सरोही बहाली, थाना नांगल चौधरी, जिला महेन्दरगढ़, हरियाणा ने case SC No. 135/2022 & FIR No. 409/2021 U/s 25/27 Arms Act & 302/34 IPC, थानाः छावला, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त नकुल सांगवान उर्फ दीपक मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त नकुल सांगवान उर्फ दीपक फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case SC No. 135/2022 & FIR No. 409/2021 U/s 25/27 Arms Act & 302/34 IPC, थानाः छावला, दिल्ली के उक्त अभियुक्त नकुल सांगवान उर्फ दीपक से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकदमा का उत्तर देने के लिए दिनांक 08.05.2026 को या उससे पूर्व हाज़िर हो।
आदेशानुसार
श्री रविन्दर सिंह
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–05
दक्षिण पश्चिम, कोर्ट नं. 511, पांचवी मंजिल
द्वारका कोर्ट, दिल्ली
DP/3888/DW/2026 (Court Matter)

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।
मु.न. 57 दिनांक 04.04.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना बरोदा जिला सोनीपत।
गुमशुदा की पहचान
नाम- साहिल।
पिता का नाम - धर्मबीर।
पता- वासी गांव ठसका, गोहाना जिला सोनीपत हरियाणा।
उम्र- 29 वर्ष।
कद -5 फुट 9 ईन्च।
हुलिया- रंग गोरा, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखें, सामान्य शरीर, दाहिने हाथ पर सुरमा से BUGGA लिखा हुआ हैं।

पहनावा- काले रंग की शर्ट, ग्रे रंग की पेंट व पैरों में लाल रंग के जूते पहने हुए है।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 24.03.2026 को साहिल पुत्र धर्मबीर वासी गांव ठसका, गोहाना जिला सोनीपत हरियाणा घर से मनाली हिमाचल घुमने की कहकर कहीं चला गया हैं। जो अब तक घर वापिस नहीं आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना मो. नं. - 7419410546
अनुसंधान कर्ता मो. नं.-9416636075
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत - 0130-2222903,100
अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।
पीआरडीएच-1084/11/4666/2027/44481/88/6 दि. 07.04.26

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## डीएसपी म्यूचुअल फंड सर्वेक्षण- अधिकांश महिलाएं स्वतंत्र निवेश का निर्णय ले रहीं

**नई दिल्ली।** डीएसपी म्यूचुअल फ़ंड ने यूगोव के साथ पार्टनरशिप में डीएसपी विनवेस्टर पल्स 2025–26 जारी किया है, जो 13 शहरों में 5,050 शहरी निवेशकों का एक राष्ट्रव्यापी अध्ययन है, जिसमें भारत के निवेश परिदृश्य में निर्णायक बदलावों के बारे में बात की गई है। महिलाएँ अपने वित्तीय निर्णयों की ज़िम्मेदारी का प्रभार तेज़ी-से ले रही हैं, यहाँ तक कि निवेशक के आत्मविश्वास और संरचित वित्तीय योजना के बीच एक चौड़ी खाई उभर रही है। अब अधिकांश महिलाएँ (56%) कहती हैं कि वे 2022 में 44% से तेज़ी-से निवेश निर्णय करती हैं, जो अध्ययन में दर्ज सबसे महत्वपूर्ण आंदोलन है। जबकि पुरुष 68% पर नेतृत्व करना जारी रखे हुए हैं, महिलाओं के बीच ऐक्सीलरेशन इंक्रीमेंटल भागीदारी के बजाय संरचनात्मक परिवर्तन का संकेत देता है। अब महिलाओं के परामर्श के साथ स्वायत्तता को मिलाने की अधिक संभावना है। चार में से लगभग एक महिला (2025 में 24% बनाम 2022 में 17%) कहती है कि वह एक पेशेवर सलाहकार के परामर्श से पूरी तरह से स्वतंत्र निर्णय करती हैं। निष्कर्षों पर टिप्पणी करते हुए, डीएसपी म्यूचुअल फ़ंड की अध्यक्ष, अदिति कोठारी देसाईने कहा, विनवेस्टर पल्स के इस संस्करण में जो बात अलग है वह न केवल स्वतंत्र निर्णय करने में वृद्धि है, बल्कि सूचित स्वतंत्रता में भी वृद्धि है।


## टोल प्लाजा पर अब 10 अप्रैल से नकद भुगतान नहीं, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा

■ इस संबंध में मंत्रालय ने राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर 10 अप्रैल से टोल प्लाजा पर नकद भुगतान नहीं होगा। मंत्रालय ने राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना में कहा है कि यदि कोई वाहन वैध फास्टैग के बिना टोल प्लाजा में प्रवेश करता है, तो उपयोगकर्ता एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। लेकिन उन्हें लागू टोल शुल्क का 1.25 गुना भुगतान करना होगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस कदम का उद्देश्य टोल प्लाजा पर लंबी कतारों को कम करना और यात्रियों के लिए राजमार्ग यात्रा को सुगम बनाना है।

**वैध फास्टैग के अलावा यूपीआई वैकल्पिक विकल्पः** अधिकारी ने कहा कि 10 अप्रैल से टोल बूथ पर नकद भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा और फास्टैग टोल वसूली का प्राथमिक माध्यम बना रहेगा। वैध फास्टैग के बिना आने वाले वाहनों के लिए यूपीआई वैकल्पिक भुगतान विकल्प के रूप में काम करेगा।

## शब्द पहेली - 6189




**बाएँ से दाए**
1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**
2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 6188 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बि | ज | ली | घ | र | ■ | मा | न | सि | क |
| दि | ल | ■ | ड | ■ | ख | न | न | ■ | ना | रा |
| ल | ■ | धा | र | दा | र | ■ | क | ली | ■ | मा |
| दु | ला | रा | ■ | ■ | खा | स | ■ | ख | प | त |
| ख | ■ | धा | ■ | ना | व | ■ | ग | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | च | म | क | दा | र |
| ■ | यू | ■ | त | ■ | स | र | ■ | ट | ■ | वा |
| ह | र | म | ■ | शा | म | ■ | ■ | पी | स | ना |
| ड़ | ■ | य | श | ■ | का | रा | वा | स | ■ | हो |
| ता | न | ■ | प | ग | ली | ■ | न | ■ | म | ना |
| ल | थ | प | थ | ■ | न | ग | र | व | धु | ■ |



## खबर संक्षेप

### दिल्ली में स्कॉलरशिप के लिए 30 तक करें आवेदन



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करने की योजना बना रहे एससी, एसटी और ओबीसी बैकग्राउंड के स्टूडेंट्स के लिए सरकार ने स्कॉलरशिप स्कीम की शुरुआत की है। स्कॉलरशिप स्कीम के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। एससी- एसटी और ओबीसी के स्टूडेंट्स 30 अप्रैल तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

### नागपुर में संघ मुख्यालय के पास विस्फोटक का जखीरा

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय से 2 किलोमीटर दूर विस्फोटकों का जखीरा मिलने से हड़कंप मच गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इलाके में नियमित निगरानी के दौरान विस्फोटक सामग्री देखी गई थी, जिसके बाद तुरंत बम निरोधक दस्ते और फॉरेंसिक टीमों बुलाया गया। इलाके में घेराबंदी की गई और अलर्ट जारी किया गया है। सुबह सीए रोड स्थित दोसर भवन चौक के एक घर के छोटे गार्डन में विस्फोटक मिलने की सूचना मिली थी। जांच के दौरान 15 जिलेटिन छड़ें, 58 डेटोनेटर और 8 कनेक्टर बरामद हुए हैं।

### महाठग सुकेश को कोर्ट से मिली जमानत

**नई दिल्ली।** महाठग सुकेश चंद्रशेखर को राउज एवेन्यू कोर्ट से जमानत मिल गई है। सुकेश पर आरोप हैं कि उसने तमाम लोगों को करोड़ों का चूना लगाया है और ठगी के मामलों में उसका दिमाग बहुत तेज चलता है। उसका नाम बॉलीवुड से लेकर सोशल सर्किल में भी चर्चा में है। पीएमएलए मामले में कोर्ट ने जमानत दी।



### विमान के शौचालय से दो करोड़ का गांजा जब्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने बैंकॉक-दिल्ली उड़ान के शौचालय से दो किलोग्राम से अधिक 'संदिग्ध' गांजा जब्त किया है। यह बरामदगी पांच अप्रैल को हुई। निगरानी के आधार पर कार्रवाई करते हुए, भारतीय सीमा शुल्क की विशेष शाखा, वायु खुफिया इकाई के अधिकारियों ने बैंकॉक से आने वाली उड़ान पर नजर रखी।

---

पश्चिम बंगाल के बैरकपुर से राजनाथ सिंह की पाकिस्तान को ललकार

# 55 साल पुराना अंजाम मत भूलो, बंगाल पर नजर उठाई तो खुदा जाने कितने टुकड़े होंगे

एजेंसी ▸▸ बैरकपुर

पश्चिम बंगाल के बैरकपुर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के भड़काऊ बयान पर तीखा पलटवार किया है। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को पुरानी यादें ताजा करते हुए कहा कि वे 55 साल पहले के अंजाम को न भूलें जब पाकिस्तान दो हिस्सों में बंट गया था।

उन्होंने साफ लहजे में चेतावनी दी कि अगर इस बार पाकिस्तान ने बंगाल की तरफ आंख उठाकर भी देखा तो खुदा ही जाने उसके कितने टुकड़े होंगे। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तानी नेतृत्व को संयम बरतने और इतिहास से सीख लेने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री को इस तरह की भड़काऊ बातें नहीं करनी चाहिए।

**इतिहास से सीख ले पाक** **भड़काऊ बातें नहीं करे**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पश्चिम बंगाल की उत्तरी 24 परगना जिले के बैरकपुर में एक जनसभा के दौरान

### रक्षा मामलों पर सरकार की नीति स्पष्ट

राजनाथ सिंह ने कहा कि देश का रक्षा मंत्री होने के नाते वह खुद इस मुद्दे पर अपनी बात रख रहे हैं और यह जरूरी नहीं कि हर बात पर प्रधानमंत्री ही बोलें। रक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत की सुरक्षा और रक्षा मामलों पर सरकार की नीति पूरी तरह स्पष्ट है। राजनाथ सिंह ने दोटूक शब्दों में कहा कि वह देश के रक्षा मंत्री हैं और रक्षा से जुड़े विषयों पर बोलने के लिए पूरी तरह अधिकृत हैं।



*केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दिल्ली कैंट स्थित बेस अस्पताल में 262वें सेना चिकित्सा कोर स्थापना दिवस समारोह के दौरान प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी क्षेत्र का दौरा करते हुए।*

### पाक की गलत हरकत का जवाब देंगे

*राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान की किसी भी गलत हरकत का जवाब अपूर्व और निर्णायक तरीके से दिया जाएगा। उन्होंने अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का हवाला देते हुए कहा कि भारत की कार्रवाई ने स्पष्ट संदेश दिया था। उस हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमला किया था।*

### पाक ने कोलकाता पर हमले की दी थी धमकी

*दरअसल, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सियालकोट में भारत को लेकर एक विवादित बयान दिया था। आसिफ ने कहा था कि अगर भारत की ओर से कोई भी कार्रवाई होती है तो पाकिस्तान कोलकाता पर हमला करके उसका जवाब देगा।*

## केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा-पुडुचेरी में फिर बनेगी एनडीए की सरकार



**पुडुचेरी।** केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को केंद्रशासित प्रदेश में मतदान से पहले प्रचार करने पहुंचे हैं। नड्डा ने प्रचार अभियान शुरू करने से पहले पुडुचेरी स्थित मनकुला विनयगर मंदिर में दर्शन पूजन किया। नड्डा के साथ केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया सहित स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान नड्डा ने कहा, "विनयगर मंदिर में अपने सहयोगियों के साथ आने का सौभाग्य मिला है।नड्डा ने दावा किया पुडुचेरी में एनडीए की जीत पक्की है। यहां की जनता ने एनडीए को आशीर्वाद देने का मन बना लिया है। इस बार एनडीए की सरकार बनेगी। कांग्रेस ने 20 साल के कुशासन में जनता का शोषण किया।

### खरगे के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे

नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान पर पलटवार किया। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने समाज को बांटने का काम किया है। कांग्रेस अध्यक्ष के बयान को नकारात्मक बताते हुए भाजपा नेता ने कहा कि पार्टी खरगे के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस को जनता ने नकार दिया है, इसलिए उसकी बौखलाहट बढ़ गई है।

### पाकिस्तान की धमकी पर केंद्र सरकार चुप क्यों?




**कोलकाता।** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने पाकिस्तान की धमकी पर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाया है। नदिया में जनसभा को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि पाक के रक्षा मंत्री के कोलकाता पर विवादित बयान के बाद प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं?

---

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने असम में एक रैली में भरी हुंकार

## बराक घाटी में कांग्रेस ने घुसपैठियों को शरण दी, भारत धर्मशाला नहीं



एजेंसी ▸▸ श्रीभूमि

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम में एक रैली में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक असम को बर्बाद करने का काम किया, यहां पर सैकड़ों आंदोलनों को खड़ा करने का काम किया। 1950 से लेकर 2014 तक असम में कांग्रेस ने बेरोकटोक घुसपैठ, बम धमाके और आंदोलन कर असम के विकास को रोक कर रखा था। कांग्रेस वाले बोडो, बंगाली का असमिया के साथ झगड़ा कराकर हर बार अपनी सरकार बनाते गए। जब से भाजपा सरकार आई, तब से कहीं बम धमाका नहीं हुआ, बंद का ऐलान नहीं हुआ, कर्फ्यू नहीं लगा। पूरे 20 समझौते करके संपूर्ण पूर्वोत्तर को शांति प्रदान करने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया है। गृह मंत्री ने दावा किया कि भाजपा ने घुसपैठियों की पहचान कर ली है और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कांग्रेस ने बंगाल चुनाव के लिए जारी किया घोषणापत्र

## महिलाओं को हर महीने 2000 रुपये, 200 यूनिट बिजली फ्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान करते हुए अपना विस्तृत घोषणापत्र जारी किया है। पार्टी ने दावा किया है कि उसका घोषणापत्र राज्य की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने, रोजगार बढ़ाने और आम लोगों को सीधी राहत देने पर केंद्रित है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस 'राहत, सुधार और भविष्य' के एजेंडे के साथ चुनाव मैदान में उतरी है। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य पश्चिम बंगाल की जनता को एक मजबूत और भरोसेमंद विकल्प देना है। घोषणापत्र में महिलाओं को हर महीने 2,000 रुपए की आर्थिक सहायता, किसानों को 15,000 रुपए वार्षिक मदद और प्रत्येक नागरिक को 10 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा देने का वादा किया गया है। इसके अलावा, सभी सरकारी रिक्त पदों को जल्द भरने, हर जिले में एआई सेंटर स्थापित करने और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की बात कही गई है।

---

चुनाव आयोग ने बंगाल का पहला डेटा दिया

## 45 फीसदी अवैध नाम हटाए गए, नादिया से सबसे ज्यादा कटे

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में एक महीने पहले शुरू एसआईआर प्रक्रिया के बाद सोमवार को चुनाव आयोग ने अपनी अंतिम ड्राफ्ट लिस्ट जारी की। आयोग दके आंकड़ों के अनुसार बंगाल में मतदाता सूची से बाहर किए जाने के बाद विचाराधीन 60,06,675 नामों में से 27,16,393 यानी लगभग 45.22फीसदी नाम हटा दिए गए हैं।इसका मतलब यह है कि बंगाल में मतदाताओं की संख्या विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत में 7.66 करोड़ से घटकर 6.77 करोड़ हो गई है।



### सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में की गई समीक्षा समीक्षा

एसआईआर की शुरुआत 27 अक्टूबर 2025 को हुई थी और 28 फरवरी 2026 को अंतिम सूची प्रकाशित होने के बाद मतदाताओं की कुल संख्या घटकर 7.04 करोड़ रह गई थी। इसमें 60.06 लाख वो मतदाता शामिल थे जिनके नामों को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त न्यायिक अधिकारियों द्वारा समीक्षा के लिए चिह्नित किया गया था।

आशुतोष महाराज का दावा

## अविमुक्तेश्वरानंद शादीशुदा और उनकी संतान भी है, वह नकली

एजेंसी ▸▸ शामली



उत्तर प्रदेश के शामली में उस समय हलचल मच गई जब संत समाज के बीच प्रवास के दौरान ब्रह्मचारी आशुतोष महाराज ने एक विवादित बयान देते हुए स्वयंभू शंकराचार्य पर गंभीर आरोप लगाए। ब्रह्मचारी आशुतोष ने कहा कि जिस व्यक्ति को शंकराचार्य बताया जा रहा है, वह नकली है। उन्होंने आरोप लगाया कि उसका वैवाहिक जीवन रहा है और संतान भी है, जो शंकराचार्य की मर्यादा के विपरीत है। यह मामला पूरे सनातन धर्म और उसकी परंपराओं की गरिमा से जुड़ा हुआ है।

### इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए

उन्होंने कहा कि मामलों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। अगर आरोप सही हैं तो उनके खिलाफ कानून के तहत कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। शंकराचार्य की गद्दी आदिगुरु शंकराचार्य की पवित्र परंपरा का प्रतीक है और इसकी गरिमा होनी चाहिए।

राहुल गांधी ने केरल की नर्सों से की बातचीत

## स्वास्थ्यकर्मियों को आने वाली चुनौतियों पर की चर्चा



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को केरल की नर्सों के साथ बातचीत की। इस दौरान राहुल ने उन्हें स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का नींव बताया। उन्होंने कहा कि उनका समर्पण, निस्वार्थ भाव और सहानुभूति ही वह चीज है, जिसके कारण परिवार अपने प्रियजनों को उनकी देखभाल में छोड़कर सुरक्षित महसूस करते हैं। एक्स पर राहुल ने कहा कि नर्सें हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की नींव हैं। केरल की नर्सें पूरी निष्ठा के साथ इस भावना को दर्शाती हैं। उसके लिए मैं उनका तहे दिल से आभारी हूं।


**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**
**परीक्षा अनुभाग**

**परीक्षा सूचना सं. 41/2026**

एफ. नं. एम्स/7-10/परीक्षा अनु./( बी.एससी.-एम.एससी.-2026 )/2026 — 24.03.2026

एम्स, नई दिल्ली और अन्य एम्स में सत्र अगस्त-2026 हेतु बी.एससी. ( ऑनर्स ) नर्सिंग/बी.एससी. नर्सिंग ( पोस्ट-बेसिक )/बी.एससी. अलाइड और हैल्थ केयर कोर्सेज और एम.एससी. नर्सिंग/एम.एससी. कोर्सेज/एम.बायोटेक्नोलॉजी के लिए प्रवेश सूचना

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली उपरोक्त विषय कोर्सो के लिए प्रवेश हेतु होने वाली प्रवेश परीक्षाओं हेतु नीचे वर्णित कार्यक्रम में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है :-

| अंडर-ग्रेजुएट कोर्सेज के लिए कार्यक्रम | |
|---|---|
| बी.एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग/बी.एससी. नर्सिंग (पोस्ट-बेसिक)/ बी.एससी. अलाइड और हैल्थ केयर कोर्सेज अगस्त-2026 सत्र के लिए आवेदन जमा करवाने हेतु ऑनलाइन पंजीकरण का प्रारम्भ | प्रारम्भ तिथि : 25.03.2026<br>अन्तिम तिथि : 24.04.2026 (अप. 5.00 बजे) |
| बी.एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग परीक्षा की तिथि | 27 जून 2026 (शनिवार) |
| बी.एससी. अलाइड और हैल्थ केयर कोर्सेज परीक्षा की तिथि | 04 जुलाई 2026 (शनिवार) |
| बी.एससी. नर्सिंग (पोस्ट-बेसिक) परीक्षा की तिथि | 30 मई 2026 (शनिवार) |
| **पोस्ट-ग्रेजुएट कोर्सेज के लिए कार्यक्रम** | |
| एम.एससी. नर्सिंग/एम.एससी. कोर्सेज/एम.बायोटेक्नोलॉजी अगस्त-2026 सत्र के लिए आवेदन जमा करवाने हेतु ऑनलाइन पंजीकरण का प्रारम्भ | प्रारम्भ तिथि : 25.03.2026<br>अन्तिम तिथि : 24.04.2026 (अप. 5.00 बजे) |
| एम.एससी. नर्सिंग परीक्षा की तिथि | 20 जून 2026 (शनिवार) |
| एम.एससी. कोर्सेज/एम.बायोटेक्नोलॉजी परीक्षा की तिथि | 13 जून 2026 (शनिवार) |

सभी आवेदकों को नियमित रूप से वेबसाइट www.aiimsexams.ac.in पर पधारना अपेक्षित है क्योंकि सभी अनुवर्ती शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/अपडेट्स केवल वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।

सीबीसी-17112/12/0003/2627 — सहायक नियंत्रक ( परीक्षाएं )


---


**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**
संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित
56-57, सांस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058
वेबसाईट-www.sanskrit.nic.in

अधिसूचना संख्या- के.सं.वि./36014/विज्ञापन/2026-27/ योजना-1 — दिनांक-01.04.2026

**संस्कृत संवर्धन योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रण सूचना**

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित संस्कृत के संवर्धन की केन्द्रीय योजनाओं का क्रियान्वयन केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के द्वारा किया जा रहा है। तदनुसार, संस्कृत के संवर्धन हेतु निम्नलिखित केन्द्रीय योजनाओं के तहत इच्छुक एन.जी.ओ./स्वैच्छिक संगठन/संस्थाएं/विश्वविद्यालय/प्रकाशक/ वैयक्तिक छात्रों से ऑनलाइन माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं:-

| क्र.सं | योजना का नाम |
|---|---|
| 1. | **संस्कृत शिक्षण** - पारंपरिक संस्कृत पाठशालाओं/महाविद्यालयों/सरकारी विद्यालयों/गुरु शिष्य परम्परा संस्थाओं में शिक्षण हेतु संस्कृत एवं आधुनिक विषय के शिक्षकों की व्यवस्था तथा आवासीय छात्रवृत्ति। |
| 2. | **सम्मान राशि** - अभावग्रस्त परिस्थितियों में रहने वाले प्रख्यात संस्कृत पण्डितों के लिए वार्षिक वृत्ति। |
| 3. | **संस्कृत पुस्तकों के प्रकाशन, थोक खरीद और दुर्लभ संस्कृत ग्रन्थों के पुनर्मुद्रण।** |
| 4. | **शास्त्र चूड़ामणि** - संस्कृत शास्त्र के शिक्षण हेतु शास्त्र विद्वानों की अथवा सेवानिवृत्त संस्कृत विद्वानों की सेवाओं की उपयोगिता। |
| 5. | **संस्कृत संवर्धन कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ।** |
| 6. | **व्यावसायिक प्रशिक्षण**- पंजीकृत पारम्परिक संस्कृत संस्थाओं में प्रशिक्षण। |
| 7. | **अष्टादशी** - संस्कृत संवर्धन हेतु अठारह परियोजनाएं। |
| 8. | **छात्रवृत्ति** - पारंपरिक एवं आधुनिक धारा में नियमित रूप से 9वीं कक्षा से पीएच.डी. तक संस्कृत / पालि/प्राकृत भाषा को अध्ययन करने वाले छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति। |

**ऑनलाईन पंजीकरण आरम्भ तिथि 01.04.2026**
**ऑनलाईन पंजीकरण अन्तिम तिथि 30.06.2026 तथा छात्रवृति योजना हेतु अंतिम तिथि 31.08.2026.**
**नोटः- हालाँकि आवेदन के लिए पोर्टल पूरे वर्ष खुला रहेगा।**

i) आवेदन पत्र भरने से पूर्व यह सलाह दी जाती है कि प्रत्येक योजना के दिशानिर्देशों, मानदेय राशि, आवश्यक दस्तावेज, ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया एवं आवेदन पत्र को अग्रसारित करने की प्रक्रिया आदि की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.sanskrit.nic.in/schemes पर अवलोकन करें।

ii) उपरोक्त प्रत्येक योजना के लिए स्वतः नवीनीकरण नहीं होगा। इसलिए पिछले वर्ष के सभी अनुदान प्राप्त संस्थाओं को प्रत्येक वर्ष योजना के अंतर्गत नियमानुसार नवीन आवेदन करना अनिवार्य है।

iii) वित्तीय सहायता के लिए आवेदन पत्र पर विचार या अस्वीकृति, योजना के नियमानुसार, धन की उपलब्धता और अनुदान समिति की स्वीकृति आदि प्रक्रिया पर निर्भर करती है। अतः प्रत्येक योजनाओं के अन्तर्गत वित्तीय सहायता हेतु प्रतिवर्ष अलग से आवेदन करना अनिवार्य है।

हस्ता./-
CBC 21212/12/0001/2627 — कुलसचिव प्र.


---

### पंजाब में ढोलक बजाने वाले की 1.50 करोड़ की लॉटरी निकली



**नवां शहर के गुरचरण में मंथली ड्रॉ में जीता इनाम**

**40 साल से खरीद रहा था टिकट, अब चमकी किस्मत**

**नवांशहर।** नवांशहर के रहने वाले गुरचरण सिंह रातोंरात करोड़पति बन गए हैं। उन्होंने मंथली ड्रॉ में डेढ़ करोड़ की लॉटरी जीती है। गुरचरण सिंह ने यह टिकट अपने बेटे मान सिंह के नाम पर खरीदा था। 4 अप्रैल को जब ड्रॉ निकला तो मंगलवार को विजेता परिवार लुधियाना में टिकट विक्रेता के पास पहुंचा। यहां जीत का दावा पेश किया और जरूरी औपचारिकताएं पूरी कीं। लॉटरी क्लेम करने चंडीगढ़ लॉटरी ऑफिस गए। गुरचरण पेंटिंग आर्टिस्ट हैं और जागरण में ढोलक बजाते हैं।

### अजित विमान दुर्घटना: 'जीरो एफआईआर' सीआईडी को भेजी गई

**मुंबई (भाषा)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के नेता रोहित पवार ने बारामती में हुए विमान हादसे की जांच को लेकर महाराष्ट्र के डीजीपी सदानंद दाते से मंगलवार को मुलाकात की। इस हादसे में राकांपा अध्यक्ष और तत्कालीन उप मुख्यमंत्री अजित पवार की मृत्यु हो गई थी। रोहित पवार ने बताया कि उन्हें सूचित किया गया कि मामले में दर्ज 'जीरो एफआईआर' राज्य सीआईडी को भेज दी गई है। उन्होंने बताया कि उन्होंने दाते से अनुरोध किया है कि वे बारामती में 28 जनवरी को हुए विमान हादसे की पूरी और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करें। रोहित पवार ने कहा कि उन्होंने दाते से मुलाकात इसलिए की क्योंकि इस बात को लेकर भ्रम की स्थिति थी कि कर्नाटक में उनके द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी को पुलिस ने औपचारिक रूप से स्वीकार किया है या नहीं।

## देहरादून में बेटे की जान लेने वाले वाहन को मां ने खुद खोज निकाला

**खाकी ने आस तोड़ी तो मां ने दिलाया मृत बेटे को न्याय, सबूत पुलिस को सौंपे**

### ■ मामले की दोबारा जांच होगी

भाषा ▸▸ देहरादून

उत्तराखंड के देहरादून जिले के प्रेमनगर क्षेत्र में 'हिट एंड रन' मामले में दो साल से भी अधिक पहले बेटे को खो चुकी एक मां ने करीब डेढ़ साल के अथक प्रयास के बाद दुर्घटना के लिए जिम्मेदार वाहन का पता लगा लिया है, जिसे खोजने में पुलिस नाकाम रही थी। सहस्त्रधारा रोड निवासी ललिता चौधरी ने इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोबाल को साक्ष्यों सहित प्रार्थनापत्र सौंपा है, जिस पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने मामले की पुनः जांच के आदेश दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ललिता का 18 वर्षीय बेटा क्षितिज चौधरी 16 फरवरी 2024 को प्रेमनगर क्षेत्र में पैदल जा रहा था कि तभी एक तेज रफ़्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

### मां डेढ़ साल तक करती रही जांच



ललिता के 18 वर्षीय बेटे क्षितिज की फोटो

मां ललिता चौधरी ने खुद सड़कों पर उतरकर जांच शुरू की। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज जुटाए और लगातार प्रयास के बाद टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान कर ली। उनकी जांच में सामने आया कि हादसे में शामिल ट्रक का नंबर **UK**07**CB**6929 है जो अंकित चौहान के नाम पर पंजीकृत बताया जा रहा है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज़ के कार्यकारी निदेशक अनंत अंबानी की केरल में बड़ी पहल

# मंदिरों और हाथी कल्याण के लिए 18 करोड़ का दान

- दो प्रमुख मंदिरों को 6 करोड़ दान दिया, राजराजेश्वरम मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए 12 करोड़ देंगे
- गुरुवायूर में मंदिर के हाथियों की देखभाल प्रोजेक्ट को समर्थन

एजेंसी ▸▸ मुंबई



रिलायंस इंडस्ट्रीज़ के कार्यकारी निदेशक अनंत अंबानी ने केरल के दो प्रमुख धार्मिक स्थलों राजराजेश्वरम मंदिर और गुरुवायूर मंदिर की यात्रा के दौरान मंदिर संरक्षण और पशु कल्याण से जुड़ी कई पहलों की घोषणा की। उन्होंने दोनों मंदिरों को कुल 6 करोड़ का दान दिया और राजराजेश्वरम मंदिर के व्यापक जीर्णोद्धार के लिए 12 करोड़ देने की प्रतिबद्धता जताई। अनंत अंबानी ने उत्तर केरल के कन्नूर जिले के तलिपरंबा शहर में स्थित प्राचीन राजराजेश्वरम मंदिर को 3 करोड़ का दान दिया। मंदिर के व्यापक जीर्णोद्धार के लिए वे अतिरिक्त 12 करोड़ दान देंगे। इस योजना में मंदिर के ऐतिहासिक ईस्ट गोपुरम का पुनर्निर्माण भी शामिल है। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बुनियादी ढांचे और पार्किंग व्यवस्था में सुधार किया जाएगा। अनंत अंबानी ने मध्य केरल के त्रिशूर में स्थित प्रसिद्ध गुरुवायूर मंदिर में दर्शन किए और मंदिर ट्रस्ट को 3 करोड़ का दान दिया। उन्होंने मंदिर परंपराओं से जुड़े हाथियों के कल्याण के लिए अस्पताल, बिना जंजीर वाले आश्रय और आधुनिक देखभाल सुविधाएं विकसित करने की पहल को भी समर्थन देने की बात कही।इन पहलों में हाथियों के लिए समर्पित अस्पताल, बिना जंजीर वाले आश्रय और आधुनिक देखभाल सुविधाएं विकसित करने की योजना शामिल है, ताकि पारंपरिक व्यवस्था के साथ-साथ पशुओं की मानवीय और वैज्ञानिक देखभाल सुनिश्चित की जा सके। यह पहल अनंत अंबानी की वन्यजीव संरक्षण परियोजना 'वनतारा' से जुड़े उनके व्यापक प्रयासों का हिस्सा मानी जा रही है।मौके पर मंदिर प्रशासन ने पारंपरिक सम्मान के साथ उनका स्वागत किया। दोनों मंदिरों के देवस्वम बोर्ड के अधिकारी और पुजारी मौके पर उपस्थित रहे। अनंत अंबानी ने कहा कि भारत की आध्यात्मिक परंपराएं केवल पूजा स्थल नहीं, बल्कि समाज, प्रकृति और करुणा को जोड़ने वाली जीवंत संस्थाएं हैं। आने वाली पीढ़ियों के लिए इस विरासत को सुरक्षित रखना सामूहिक जिम्मेदारी है।

## चिंतन

# मणिपुर हिंसा के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई जरूरी

पूर्वोत्तर का संवेदनशील राज्य मणिपुर लगभग तीन वर्षों से जिस हिंसा की आग में सुलग रहा है, वह अब केवल कानून-व्यवस्था का मसला नहीं रह गया, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक ताने-बाने के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। कुकी समुदाय और मैतेई समुदाय के बीच अविश्वास और वैमनस्य इस हद तक बढ़ चुका है कि सामान्य नागरिक, विशेषकर महिलाएं और बच्चे, हिंसा का सबसे आसान निशाना बनते जा रहे हैं। इन हालातों ने राज्य को अस्थिरता के भंवर में धकेल दिया है। विभिन्न जातियों के संगठन अपने हितों के लिए हिंसा को समर्थन दे रहे हैं। इसके कारण राज्य के सभी विकास कार्य ठप होकर रह गए हैं। हिंसा के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ होने से भी इनकार नहीं किया जा सकता। चूंकि हाल ही में एक अमेरिकी और 6 यूक्रेनी नागरिकों का पकड़ा जाना इस बात का प्रमाण है कि ऐसी ताकतें भी राज्य में अस्थिरता फैला रही हैं। इसके साथ ही मादक पदार्थों का अवैध व्यापार भी हिंसा की आग में घी का काम करता है। मादक पदार्थों से मिलने वाली आय से ऐसी घटनाओं को बल मिलता है। मंगलवार को दो मासूम बच्चों को निशाना बनाकर हत्या करना दर्शाता है कि हिंसा फैलाने वाले नहीं चाहते कि राज्य में अमन-चैन रहे। बिष्णुपुर जिले के मोइरांग इलाके में घर के भीतर सो रहे मासूम बच्चों पर बम फेंककर उनकी हत्या कर देना किसी भी सभ्य समाज के लिए कलंक है। पांच साल के एक बच्चे और छह महीने की नवजात की मौत केवल एक घटना नहीं, बल्कि यह इस बात का भयावह संकेत है कि हिंसा अब अपनी सारी सीमाएं लांघ चुकी है। बच्चों पर हमला उस स्थान पर किया गया है, जहां 2023 में जातीय हिंसा भड़की थी। यह साफ है कि यह हिंसा साजिशन है, क्योंकि ये बच्चे किसी भी हिंसा में शामिल नहीं थे और न ही इनका किसी से कुछ लेना-देना था। घटना के बाद जिस प्रकार विरोध प्रदर्शन हिंसक हो उठे, वाहनों को जलाना, पुलिस चौकियों पर हमला करना और यहां तक कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कैंप पर हमला करना वह स्थिति की गंभीरता को और बढ़ाता है। जवाबी फायरिंग में जान गंवाने वाले लोग इस बात के गवाह हैं कि हिंसा की आग अब नियंत्रण से बाहर होती जा रही है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि इस निरंतर हिंसा ने राज्य के विकास को पूरी तरह ठप कर दिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग हर क्षेत्र प्रभावित हुआ है। हजारों लोग विस्थापित होकर राहत शिविरों में जीवन बिताने को मजबूर हैं। बच्चों की पढ़ाई छूट रही है और एक पूरी पीढ़ी असुरक्षा और भय के साये में पल रही है। यह स्थिति किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अस्वीकार्य है। सरकार के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह केवल प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि ठोस और निर्णायक रणनीति अपनाए। जिस तरह देश ने नक्सलवाद पर सख्ती और समन्वित प्रयासों के जरिए काफी हद तक नियंत्रण पाया, उसी तरह मणिपुर में भी व्यापक और बहुस्तरीय कार्रवाई की जरूरत है। हिंसा में शामिल लोगों की पहचान कर उन्हें कठोरतम सजा दी जानी चाहिए, चाहे वे किसी भी समुदाय या संगठन से जुड़े हों। साथ ही, केवल सैन्य या पुलिस कार्रवाई से समाधान संभव नहीं है। दोनों समुदायों के बीच संवाद बहाल करना, विश्वास निर्माण के उपाय करना और सामाजिक सौहार्द को पुनर्स्थापित करना उतना ही जरूरी है। स्थानीय नेतृत्व, नागरिक संगठनों और केंद्र सरकार को मिलकर एक साझा मंच तैयार करना होगा, जहां समस्याओं का शांतिपूर्ण समाधान खोजा जा सके।



प्रतिनिधित्व
ममता कुशवाहा

# लोकतंत्र में आधी आबादी की हिस्सेदारी

> भारत, जिसे विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है, ने स्वतंत्रता के बाद राजनीतिक भागीदारी के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। जब बात संसद और विधानसभाओं की भागीदारी की आती है, तो यह प्रगति असमान और कई बार निराशाजनक रूप से धीमी दिखाई देती है। जबकि महिलाएं देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं, फिर भी उनकी उपस्थिति राजनीतिक संस्थाओं में अत्यंत कम है। ऐसे में महिलाओं के लिए आरक्षण की लंबे समय से चली आ रही मांग केवल एक राजनीतिक सुधार नहीं, बल्कि एक नैतिक आवश्यकता बन जाती है। साल 2023 में महिला आरक्षण अधिनियम का पारित होना भारत के संवैधानिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

किसी भी जीवंत लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व केवल संख्या का खेल नहीं होता, बल्कि यह न्याय, समानता और समाज की सामूहिक आवाज़ का प्रतिबिंब होता है। भारत, जिसे विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है, ने स्वतंत्रता के बाद राजनीतिक भागीदारी के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। जब बात संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी की आती है, तो यह प्रगति असमान और कई बार निराशाजनक रूप से धीमी दिखाई देती है। जबकि महिलाएं देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं, फिर भी उनकी उपस्थिति राजनीतिक संस्थाओं में अत्यंत कम है। ऐसे में महिलाओं के लिए आरक्षण की लंबे समय से चली आ रही मांग केवल एक राजनीतिक सुधार नहीं, बल्कि एक नैतिक आवश्यकता बन जाती है।

साल 2023 में महिला आरक्षण अधिनियम का पारित होना भारत के संवैधानिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस कानून के माध्यम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटों का आरक्षण सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है। यह कदम दशकों से चली आ रही उस संरचनात्मक असमानता को स्वीकार करता है, जिसने महिलाओं को राजनीति में उचित स्थान नहीं मिलने दिया। हालांकि, असली चुनौती इस कानून को पारित करने में नहीं, बल्कि इसे समय पर और प्रभावी ढंग से लागू करने में है। वर्तमान व्यवस्था के अनुसार, इस आरक्षण को अगली जनगणना और उसके बाद होने वाले परिसीमन से जोड़ा गया है, जो 2026 के बाद ही संभव है। इस शर्त के कारण यह आशंका पैदा होती है कि इस कानून का लाभ कई वर्षों तक टल सकता है। यहीं पर सबसे बड़ा प्रश्न खड़ा होता है कि आखिर महिलाओं को समान प्रतिनिधित्व के लिए और कितने समय तक प्रतीक्षा करनी चाहिए? भारत ने अपनी लोकतांत्रिक यात्रा की शुरुआत में ही दूरदर्शिता दिखाते हुए महिलाओं को पुरुषों के समान मतदान का अधिकार दिया था। यह विश्व के सामने एक आदर्श उदाहरण था। लेकिन लोकतंत्र केवल मतदान तक सीमित नहीं है; इसमें निर्णय लेने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान और उद्यमिता जैसे अनेक क्षेत्रों में महिलाओं ने अपनी क्षमता का लोहा मनवाया है, लेकिन राजनीति में उनकी कम भागीदारी यह दर्शाती है कि सामाजिक और संरचनात्मक बाधाएं अब भी मौजूद हैं। आंकड़े इस असमानता को और स्पष्ट करते हैं। वर्तमान में लोकसभा में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 14 प्रतिशत के आसपास है, जबकि कई राज्य विधानसभाओं में यह प्रतिशत इससे भी कम है। यह कमी महिलाओं की योग्यता या इच्छा की कमी के कारण नहीं, बल्कि पितृसत्तात्मक सोच, संसाधनों की सीमित उपलब्धता और पुरुष-प्रधान राजनीतिक ढांचे के कारण है। ऐसे में आरक्षण एक आवश्यक सुधार के रूप में सामने आता है, जो इस असंतुलन को दूर करने का प्रयास करता है। हालांकि, इस आरक्षण को लागू करने की प्रक्रिया कई तकनीकी और संवैधानिक जटिलताओं में उलझी हुई है, जिनमें सबसे प्रमुख है परिसीमन का मुद्दा। परिसीमन का अर्थ है जनसंख्या के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं का पुनर्निर्धारण, ताकि



प्रतिनिधित्व संतुलित रहे। यह एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, लेकिन इसे महिला आरक्षण से जोड़ना एक अनावश्यक बाधा बन गया है। चूंकि परिसीमन एक लंबी और जटिल प्रक्रिया है, जिसमें समय और राजनीतिक सहमति दोनों की आवश्यकता होती है, इसलिए इसके पूरा होने तक इंतजार करना महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण को टालने जैसा है। इस स्थिति से निकलने के लिए हमें प्रतिनिधित्व की अवधारणा को नए सिरे से समझने की आवश्यकता है। यदि आरक्षण को केवल भौगोलिक निर्वाचन क्षेत्रों तक सीमित न रखा जाए, तो एक मिश्रित प्रणाली अपनाई जा सकती है, जिसमें प्रत्यक्ष चुनाव और अनुपातिक प्रतिनिधित्व दोनों का समावेश हो। इस व्यवस्था में अतिरिक्त सीटें बनाई जा सकती हैं और उन्हें राजनीतिक दलों को उनके वोट प्रतिशत के आधार पर आवंटित किया जा सकता है, इस शर्त के साथ कि इन सीटों पर महिलाएं ही उम्मीदवार हों।

यह तरीका न केवल परिसीमन की आवश्यकता को टाल सकता है, बल्कि अधिक न्यायसंगत प्रतिनिधित्व भी सुनिश्चित कर सकता है। महिलाओं के लिए अतिरिक्त सीटों का निर्माण एक व्यावहारिक और नवोन्मेषी विचार है। इससे संसद की कुल सीटों की संख्या बढ़ाकर महिलाओं को स्थान दिया जा सकता है, बिना वर्तमान सांसदों को हटाए।

इससे राजनीतिक विरोध की संभावना भी कम हो जाती है, क्योंकि मौजूदा सीटों पर कोई खतरा नहीं रहता। साथ ही, बढ़ती जनसंख्या और प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुसार संसद के विस्तार की आवश्यकता भी पूरी होती है। नया संसद भवन, जिसे अधिक सदस्यों को समायोजित करने के लिए बनाया गया है, इस दिशा में एक उपयुक्त अवसर प्रदान करता है। इस व्यवस्था का एक और महत्वपूर्ण लाभ यह है कि यह जनता के जनादेश का सम्मान करता है। जब सीटों का आवंटन वोट प्रतिशत के आधार पर होगा, तो यह सुनिश्चित होगा कि प्रतिनिधित्व वास्तव में जनता की इच्छा को दर्शाता है। इससे राजनीतिक दलों को महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा मिलेगी और धीरे-धीरे राजनीतिक संस्कृति में समावेशिता बढ़ेगी। भारत जैसे विविध और विशाल देश में, जहां चुनौतियां भी जटिल हैं, वहां ऐसे नवाचारी उपाय आवश्यक हो जाते हैं। तकनीकी पहलुओं से आगे बढ़कर, हमें महिला आरक्षण के व्यापक प्रभाव को भी समझना चाहिए। जब अधिक महिलाएं संसद और विधानसभाओं में होंगी, तो नीति निर्माण में भी बदलाव आएगा। महिला आरक्षण को लागू करने में देरी अब किसी भी दृष्टि से उचित नहीं ठहराई जा सकती। प्रक्रिया संबंधी कारणों का हवाला देकर इसे टालना इस सुधार की भावना के साथ अन्याय होगा। यह भी समझना जरूरी है कि आरक्षण अपने आप में अंतिम लक्ष्य नहीं है, बल्कि समानता की ओर बढ़ने का एक साधन है। जैसे-जैसे समाज में बदलाव आएगा और महिलाओं के सामने खड़ी बाधाएं कम होंगी, वैसे-वैसे इस तरह के उपायों की आवश्यकता भी कम हो सकती है। लेकिन वर्तमान समय में, जब असमानता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है, तब आरक्षण एक अनिवार्य उपाय बन जाता है। संसद में महिलाओं के आरक्षण की यात्रा भारत के लोकतंत्र की परिपक्वता की परीक्षा भी है और उसके भविष्य को दिशा देने का अवसर भी। इसे तेजी से लागू करने के लिए केवल प्रशासनिक दक्षता ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी सोच और दृढ़ संकल्प की आवश्यकता है। यदि भारत इस दिशा में साहसिक कदम उठाता है, तो वह एक बार फिर विश्व के सामने एक आदर्श प्रस्तुत कर सकता है। अब सवाल यह नहीं है कि क्या हम यह कर सकते हैं, बल्कि यह है कि क्या हम इसे बिना और देर किए करने का साहस दिखाएंगे।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मंथन

विवेक शुक्ला




# सेहत और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे स्ट्रा

हम सब अपने पसंदीदा पेय ठंडी कॉफी, ताज़ा नींबू पानी या कोक को पीने के लिए स्ट्रॉ का इस्तेमाल बिना एक पल सोचे कर लेते हैं। ये हमें सुविधाजनक, साफ़-सुथरा और सुरक्षित लगता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह छोटा-सा प्लास्टिक या पेपर स्ट्रॉ हमारी सेहत और पर्यावरण दोनों को चुपचाप नुकसान पहुंचा रहा है? इन छोटे से स्ट्रॉ का केवल कुछ मिनटों के लिए इस्तेमाल होता है, इसलिए इनसे होने वाले नुकसान की कोई चर्चा ही नहीं हो पाती है। दुनिया भर में हर दिन इस्तेमाल किए जाने वाले स्ट्रा समुद्र तट और महासागर की सफाई के दौरान सबसे आम कचरे में से एक होते हैं। अपने छोटे और हल्के आकार के कारण स्ट्रॉ की शायद ही कभी रीसाइक्लिंग होती हो। ये नदियों, समुद्रों और कचरा स्थलों (लैंडफिल) में पहुंच जाते हैं, जहां ये सैकड़ों साल तक बने रह सकते हैं। राजधानी के पर्यावरणविद और उद्यमी गुरसेव चावला कहते हैं, "भारत में हमारी बड़ी आबादी और बढ़ती कैफ़े कल्चर के कारण स्ट्रॉ का उपयोग तेज़ी से बढ़ रहा है, जिससे समस्या और गंभीर हो रही है।" कुछ साल पहले, दुनिया के कई हिस्सों में प्लास्टिक स्ट्रॉ पर प्रतिबंध लगना शुरू हुआ, जिसका लोगों ने स्वागत किया। इसके बाद पेपर और मकई से बने प्लास्टिक के स्ट्रॉ बाज़ार में आए और उन्हें "पर्यावरण के अनुकूल" विकल्प के रूप में देखा गया, लेकिन लोगों की धारणा और वास्तविकता के बीच अंतर है। प्रख्यात चिकित्सक और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं, "कई पेपर स्ट्रॉ में रसायन होते हैं, जिन्हें 'फॉरएवर केमिकल्स' भी कहा जाता है। ये आसानी से नष्ट नहीं होते और लंबे समय तक पर्यावरण और हमारे शरीर में बने रह सकते हैं। इन्हें नष्ट करने के लिए विशेष औद्योगिक परिस्थितियों की जरूरत होती है, जो भारत के अधिकांश शहरों में उपलब्ध नहीं हैं।" प्लास्टिक स्ट्रॉ सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाली एकल-उपयोग (सिंगल-यूज़) वस्तुओं में से एक हैं। जब ये गर्मी, धूप या नींबू पानी जैसे अम्लीय पेय के संपर्क में आते हैं, तो ये माइक्रोप्लास्टिक नामक छोटे कण छोड़ जाते हैं। माइक्रोप्लास्टिक बहुत छोटे प्लास्टिक कण होते हैं, जो हमारे भोजन और पेय के माध्यम से हमारे शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। प्लास्टिक में ऐसे रसायन भी होते हैं जो हमारे हार्मोन को प्रभावित कर सकते हैं और समय के साथ हमारी सेहत को तबाह करने लगते हैं। एक स्ट्रॉ भले ही नुकसानदेह न लगे, लेकिन इसके नियमित इस्तेमाल से इसका प्रभाव बढ़ता जाता है और यह एक गंभीर चिंता का कारण बन सकता है। यह दिखाता है कि केवल प्लास्टिक को किसी अन्य सामग्री से बदलना पर्याप्त नहीं है-विकल्प वास्तव में सुरक्षित और टिकाऊ होना चाहिए। यहीं पर गन्ने के बगैस से बने स्ट्रॉ एक बेहतर विकल्प के रूप में सामने आते हैं। बगैस का हिंदी अर्थ खोई है, जो गन्ना या ज्वार का रस निकालने के बाद बचा हुआ सूखा, रेशेदार अवशेष होता है। यह मुख्य रूप से चीनी मिलों में ईंधन, बिजली उत्पादन, कागज़, लुगदी और पर्यावरण-अनुकूल पैकेजिंग सामग्री (डिस्पोजेबल प्लेट, कप) बनाने के लिए एक नवीकरणीय स्त्रोत के रूप में उपयोग किया जाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह भारत में आसानी से उपलब्ध है। आप इसे देश के बड़े चीनी उद्योग का उप-उत्पाद कह सकते हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि बगास से बने स्ट्रॉ के कई फायदे हैं। जैसा कि ये पूरी तरह प्लास्टिक-मुक्त और गैर-विषैले होते हैं, इनमें हानिकारक रसायन नहीं होते और ये प्राकृतिक रूप से नष्ट हो जाते हैं और घर पर भी गल सकते हैं। ये कृषि अपशिष्ट से बनाए जाते हैं, जिससे बेकार चीज़ उपयोगी बन जाती है। ये रोज़मर्रा के उपयोग के लिए पर्याप्त मज़बूत होते हैं और पेय में कोई हानिकारक पदार्थ नहीं छोड़ते। सबसे अच्छी बात ये यह है कि बगास आधारित उत्पादों का उत्पादन पहले से ही बढ़ रहा है। पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों की बढ़ती मांग और सिंगल-यूज़ प्लास्टिक पर सख्त नियमों के कारण कई व्यवसाय अब ऐसे विकल्प अपनाने लगे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आज के उपभोक्ता अधिक जागरूक हो रहे हैं। वे उन ब्रांड्स को पसंद करते हैं जो वास्तव में पर्यावरण की परवाह करते हैं। व्यवसायों के लिए सुरक्षित विकल्प अपनाने से विश्वास और ब्रांड छवि दोनों में सुधार हो सकता है। सरकारी नीतियां भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। केवल प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाना पर्याप्त नहीं है। यह स्पष्ट होना चाहिए कि "सुरक्षित" और "कम्पोस्टेबल" किसे कहा जाए। भ्रामक दावों पर नियंत्रण होना चाहिए और कृषि अपशिष्ट का उपयोग करने वाले उद्योगों को समर्थन मिलना चाहिए। अब समय है कि हम सुविधा से आगे बढ़कर जागरूक विकल्प चुनें-एक-एक घूंट के साथ।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## हम अपने भीतर अच्छा स्वास्थ्य कैसे लाएं



संकलित
**दर्शन**

क्या आप सचमुच स्वस्थ हैं? स्वास्थ्य का अर्थ है, रोग-मुक्त शरीर, कंपन-मुक्त श्वास, तनाव-मुक्त मन, संकोच-मुक्त बुद्धि, आसक्ति-मुक्त स्मृति, समावेशी अहंकार और दुःख से मुक्त आत्मा। समग्र स्वास्थ्य के लिए व्यायाम, श्वास और ध्यान का अभ्यास आवश्यक है। श्वास ही जीवन है। हमारा जीवन हमारी श्वास में है। यदि कोई श्वास नहीं ले रहा, तो इसका अर्थ है- वहां जीवन नहीं है। ध्यान, प्राणायाम और योगिक अभ्यासों का मुख्य उद्देश्य प्राण या जीवन ऊर्जा को बढ़ाना है। दरअसल प्राण भावनाओं से भी अधिक सूक्ष्म होता है। जब हम सूक्ष्म स्तर पर ध्यान देते हैं, तो स्थूल स्वतः ठीक हो जाता है। जब आप श्वास को संभालते हैं, तो शरीर स्वस्थ हो जाता है। यदि आपकी श्वास गरम, हिलती-डुलती, असमान या असहज है, तो यह रोग का संकेत है। श्वास का पैटर्न शरीर में उपस्थित विषाक्त तत्त्वों और संभावित रोगों की सूचना देता है। हमारी श्वास में अनेक रहस्य छिपे हैं। क्योंकि मन की हर भावना के साथ श्वास की एक विशेष लय जुड़ी होती है। हर लय शरीर के किसी विशेष भाग को प्रभावित करती है। जरा ध्यान से देखें। जब हम प्रसन्न होते हैं तो विस्तार का अनुभव होता है और जब दुखी होते हैं तो संकुचन का। हम इन अनुभूतियों को तो महसूस करते हैं, पर उनके बीच संबंध को नहीं पहचानते। इसलिए जब आप सीधे मन को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हों, तो श्वास के माध्यम से मन को नियंत्रित किया जा सकता है।

## जब मन हो अशांत, इष्टदेव का ध्यान करें



संकलित
**प्रेरणा**

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### शादियों का स्वरूप बहुत बदल गया

भारत में शादी सिर्फ दो लोगों का मिलन नहीं बल्कि एक बड़ा सामाजिक आयोजन भी माना जाता है। यहां शादी में परिवार, रिश्तेदार, दोस्त और पूरा समाज शामिल होता है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में शादियों का स्वरूप बहुत बदल गया है। आजकल कई शादियां इतनी भव्य और महंगी हो गई हैं कि उनमें करोड़ों रुपए तक खर्च किए जाते हैं। बड़े-बड़े होटल, महंगे कपड़े, विदेशी सजावट, मशहूर कलाकारों के कार्यक्रम और कई दिनों तक चलने वाले समारोह अब आम बात हो गए हैं। ऐसी शादियों का सबसे बड़ा प्रभाव गरीब वर्ग पर पड़ता है। जब समाज में अमीर लोग बहुत महंगी शादियां करते हैं तो बाकी लोगों पर भी वैसी ही शादी करने का दबाव बनने लगता है। आर्थिक क्षमता से अधिक खर्च बोझ बन जाता है।

*– सुरेश कुमार, पानीपत*

## करंट अफेयर

# यूक्रेन ने युद्ध के बीच बचाए गए चमगादड़ों को छोड़ा

कड़ाके की ठंड के बाद यूक्रेन के लोग युद्ध प्रभावित इलाकों से बचाए गए चमगादड़ों को अब छोड़ रहे हैं। राजधानी कीव के बाहरी इलाके में स्थित एक नेचर पार्क में रात ढलते ही बच्चे स्वयंसेवकों के आसपास इकट्ठा हो जाते हैं, जो कपड़े के थैलों को सावधानीपूर्वक खोलकर चमगादड़ों को अंधेरे आसमान में उड़ने के लिए छोड़ते हैं। प्रत्येक चमगादड़ के हवा में उड़ान भरने पर वहां मौजूद 1,000 से अधिक लोग तालियां बजाकर उसका स्वागत करते हैं। देश के पूर्वी हिस्सों के युद्धग्रस्त क्षेत्रों से बचाए गए सैकड़ों चमगादड़ों को शनिवार देर रात यूक्रेन के विभिन्न हिस्सों में आयोजित कार्यक्रमों के तहत छोड़ा गया, जो वसंत ऋतु के आगमन के साथ आयोजित किए गए थे।



'यूक्रेनियन बैट रिहैबिलिटेशन सेंटर' की स्वयंसेवक अनास्तासिया वोल्क ने कहा कि यह कार्यक्रम संगठन के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि ये जीव संकटग्रस्त प्रजातियों की सूची में शामिल हैं और उनका संरक्षण बेहद जरूरी है। यूक्रेन में चमगादड़ों की सभी 28 प्रजातियों को इनकी घटती संख्या के कारण संरक्षित जीवों की सूची में रखा गया है। कई लोगों के लिए यह कार्यक्रम कड़ी सर्दियों के बाद राहत का अवसर था। सर्दियों में शून्य से नीचे तापमान, रूस के ड्रोन और मिसाइल हमले तथा बिजली कटौती जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा था।

## ऑफ बीट

# हमारी दृष्टि एक-आंख वाले पूर्वज कीड़े से हुई विकसित

काफी समय से माना जाता रहा है कि इंसानों और अन्य कशेरुकी जीवों की आंखें, अकशेरुकी जीवों की आंखों से बुनियादी रूप से अलग होती हैं, क्योंकि उनकी कोशिकाओं की संरचना और जन्म से पहले उनके विकसित होने का तरीका अलग होता है। हमारे अध्ययन से संकेत मिलता है कि हमारी आंखों की जड़ें एक ऐसे कीड़े जैसे पूर्वज से जुड़ी हैं, जो करीब 60 करोड़ साल पहले समुद्रों में विचरण करता था। हमने पाया कि ज्यादातर जीवों में आंखें और रोशनी महसूस करने वाली कोशिकाएं दो जगहों पर होती हैं– एक चेहरे के दोनों तरफ (जोड़ी में) और दूसरी सिर के बीच में, मस्तिष्क के ऊपर। हमने जिन जीवों का अध्ययन किया, उनमें चेहरे के दोनों तरफ मौजूद ये कोशिकाएं शरीर की गतिविधियों को दिशा देने में मदद करती हैं, जबकि बीच में मौजूद कोशिकाएं दिन और रात के फर्क के साथ–साथ ऊपर–नीचे की पहचान करने में सहायक होती हैं। हमारे निष्कर्ष के मुताबिक, सभी कशेरुकी जीवों के कीड़े जैसे पूर्वज ने करीब 60 करोड़ साल पहले जब समुद्र की तलहटी में बिल बनाकर स्थिर जीवन जीना शुरू किया, तो उसने दिशा नियंत्रित करने वाली अपनी जोड़ी आंखें खो दीं। दरअसल, जब यह जीव एक जगह रहकर पानी से बीन–बीनकर भोजन हासिल करने लगा, तो उसे चलने–फिरने की जरूरत नहीं रही।



## ट्रेंड

### पाक के टुकड़े होंगे

पाकिस्तान एक बार खामियाजा भुगत चुका है। आज से 55 वर्ष पहले पाकिस्तान दो टुकड़ों में खण्ड-खण्ड हो गया था। अगर उन्होंने हमारे बंगाल की तरफ नजर उठाकर देखने की कोशिश की तो कितने टुकड़े होंगे, यह ऊपर वाला ही जानता है।

**- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**



### तकनीकी उत्कृष्टता

भारत परमाणु शक्ति के एक नए युग में प्रवेश कर रहा है। कलपक्कम में प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर हमारी तकनीकी उत्कृष्टता और राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा का प्रतीक है। अपने विशाल थोरियम भंडार का उपयोग करके, भारत ऊर्जा क्षेत्र में वर्चस्व और दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता की दिशा में एक निर्णायक कदम उठा रहा है।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**



### स्वास्थ्य सेवा प्रणाली

नर्सें हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की आधारशिला हैं। उनका समर्पण, निस्वार्थ भाव और सहानुभूति ही परिवारों को अपने प्रियजनों को उनकी देखभाल में सौंपने का सुरक्षित एहसास दिलाती है।

**- राहुल गांधी, सांसद, सपा**



### शिक्षामित्रों का हक़

भाजपा सरकार ने 9 साल शिक्षामित्रों का हक़ मारा और अब बढ़ाया भी तो भी सपा सरकार से 22 हज़ार कम है। अब जब भाजपा सरकार का परमानेन्ट रिटायरमेंट होने वाला है तब ये शिक्षामित्रों के प्रति सहानुभूति दिखा रहे हैं।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## गिरी के खिलाफ हारे प्रज्ञानानंदा, शीर्ष स्थान की दौड़ से लगभग बाहर

**पाफोस (साइप्रस)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा मंगलवार को यहां आठवें दौर में नीदरलैंड के अनीष गिरी के खिलाफ शिकस्त के साथ कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहने की दौड़ से लगभग बाहर हो गए। उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव ने रूस के आंद्रे एसिपेंको के खिलाफ ड्रॉ खेलकर शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। पहले दौर में गिरी के खिलाफ अपनी एकमात्र जीत दर्ज करने वाले प्रज्ञानानंदा को प्रतियोगिता में अपनी दूसरी हार झेलनी पड़ी। सिंदारोव के संभावित आठ में से 6.5 अंक हैं। प्रतियोगिता में जब छह दौर का खेल बाकी है तब सिंदारोव ने दो अंक की मजबूत बढ़त बना रखी है। गिरी और अमेरिका के फाबियानो करुआना 4.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

# एशियन बॉक्सिंग प्रतियोगिता: हरियाणा के 9 बॉक्सरों समेत देश के 16 खिलाड़ियों ने पदक पक्के किए

## मीनाक्षी, जैस्मीन, सुरेश और सचिन फाइनल में, हरियाणा बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष मेजर सत्यपाल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक







एशियन बॉक्सिंग प्रतियोगिता में देश के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। इस प्रतियोगिता में भारत के खिलाड़ियों ने 16 पदक पक्के कर लिए हैं और आठ खिलाड़ी गोल्ड मेडल की रेस में शामिल है। 16 खिलाड़ियों में से हरियाणा के 9 खिलाड़ी है। मंगलवार को महिला सेमीफाइनल में मीनाक्षी और जैस्मीन ने शानदार प्रदर्शन किया, जबकि विश्वनाथ सुरेश और सचिन ने पुरुष वर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की की। महिला 48 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में मीनाक्षी ने थाईलैंड की थिप्सचा योदवारे पर 4:1 से आत्मविश्वासपूर्ण जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक के लिए अपनी जगह पक्की की। फाइनल में पहुंचने वाली जैस्मीन ने महिला 57 किलोग्राम वर्ग में उज्बेकिस्तान की निगीना उक्तामोवा को कड़े मुकाबले में 3:2 से हराया। पुरुषों के वर्ग में, विश्वनाथ सुरेश (50 किलोग्राम) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जॉर्डन के हुथैफा एशिश को सर्वसम्मत 5:0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। सचिन (60 किलोग्राम) ने भी सेमीफाइनल मुकाबले में थाईलैंड के सकदा रुआमथम पर 4:1 की ठोस जीत दर्ज करके प्रभावित किया। कुल आठ मुक्केबाजों (छह महिला और दो पुरुष) ने फाइनल में जगह बनाई है। अन्य सेमीफाइनल मुकाबलों में, आकाश उज्बेकिस्तान के जावोखिर अब्दुरखिमोव से 1:4 से हार गए। लोकेश उज्बेकिस्तान के जसुरबेक युलदोशेव से 0:5 से हार गए। नरेंद्र को चीन के बायिकेवुजी दानाबिएके से 1:4 से हार का सामना करना पड़ा, पहले ही राउंड में चोट लगने के कारण मुकाबला रोक दिया गया। हर्ष चौधरी भी ताजिकिस्तान के परविज़ करीमोव से 1:4 से हार गए। महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में, मीनाक्षी का मुकाबला मंगोलिया की नोमुंदारी एन्ख-अमगलान से होगा। जैस्मीन 57 किलोग्राम वर्ग के खिताबी मुकाबले में थाईलैंड की पुनरावी रुएनरोस से भिड़ेंगी। भारतीय मुक्केबाजों के अन्य महत्वपूर्ण फाइनल मुकाबलों में , प्रीति (54 किलोग्राम) का सामना चीन की ताइपे की हुआंग शियाओ-वेन से होगा, जबकि प्रिया (60 किलोग्राम) उत्तर कोरिया की उन ग्योंग वॉन से भिड़ेंगी। अरुंधति चौधरी (70 किलोग्राम) स्वर्ण पदक के लिए कजाकिस्तान की बकित सेइडिश से भिड़ेंगी। हरियाणा बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष मेजर सत्यपाल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कोच विजय हुड्डा ने भी सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

## यशस्वी ने 32 गेंद में 77* रन की पारी खेली, बने मैन ऑफ द मैच

# जायसवाल का अर्धशतक, रॉयल्स ने मुंबई को 27 रन से हराकर जीत की हैट्रिक बनाई

भाषा ▶▶| गुवाहाटी



सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के धमाकेदार अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के वर्षा से प्रभावित 11 ओवर के मैच में मंगलवार को यहां मुंबई इंडियन्स को 27 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की और छह अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। बारिश के कारण मुकाबला दो घंटे और 40 मिनट के विलंब से शुरू किया जिसके कारण इसे 11 ओवर का कर दिया गया। रॉयल्स के 151 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी और नौ विकेट पर 123 रन ही बना सकी। मुंबई की ओर से नमन धीर (25) और शेरफेन रदरफोर्ड (25) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए।

रॉयल्स की ओर से नांद्रे बर्गर (21 रन पर दो विकेट), रवि बिश्नोई (25 रन पर दो विकेट) और संदीप शर्मा (26 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए। जायसवाल ने इससे पहले 32 गेंद में चार छक्कों और 10 चौकों से नाबाद 77 रन की पारी खेलने के अलावा वैभव सूर्यवंशी (39 रन, 14 गेंद, पांच छक्के, एक चौके) के साथ पांच ओवर में 80 रन जोड़े जिससे रॉयल्स ने तीन विकेट पर 150 रन बनाए। मुंबई की ओर से स्पिनर अल्लाह गजनफर सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 21 रन देकर दो विकेट चटकाए। शारदुल ठाकुर ने भी 36 रन देकर एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे मुंबई की शुरुआत खराब रही और टीम ने तीसरे ओवर में 22 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए। टीम ने पहले ही ओवर में रेयान रिकेल्टन (08) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने जोफ्रा आर्चर की गेंद को हवा में लहराकर विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को कैच थमाया। कप्तान सूर्यकुमार यादव (06) ने तेज गेंदबाज बर्गर पर छक्का जड़ा लेकिन फिर आर्चर को कैच दे बैठे जबकि संदीप शर्मा ने सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा (05) को पगबाधा करके मुंबई को तीसर झटका दिया। मुंबई की टीम पावर प्ले के 3.2 ओवर में तीन विकेट पर 30 रन ही बना सकी। बिश्नोई ने कप्तान हार्दिक पंड्या (09) और तिलक वर्मा (14) को चार गेंद के भीतर आउट करके मुंबई का स्कोर पांच विकेट पर 46 रन किया। नमन और रदरफोर्ड ने पारी को संभाला लेकिन सिर्फ हार के अंतर को कम कर पाए। रदरफोर्ड ने देशपांडे पर दो छक्के मारे लेकिन फिर स्लिप में संदीप को कैच दे बैठे। नमन ने भी इसके बाद बर्गर की गेंद पर बिश्नोई को कैच थमा दिया।

### दिल्ली की नजर हैट्रिक पर पहली जीत की चाह में गुजरात



**नई दिल्ली।** आईपीएल के 14वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का सामना बुधवार को अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात टाइटंस (जीटी) से होगा। अक्षर पटेल की कप्तानी में डीसी जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से इस मुकाबले में उतरेगी। वहीं, जीटी को इस सीजन की पहली जीत की तलाश होगी। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से बल्लेबाजी में समीर रिजवी का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने लगातार दो मुकाबलों में नाबाद अर्धशतकीय पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई है। पाथुन निसांका ने भी पिछले मुकाबले में 30 गेंदों पर 44 रनों की अहम पारी खेली थी। हालांकि, केएल राहुल और नीतीश राणा की फॉर्म जरूर डीसी के लिए चिंता करने वाली बात रही है। राहुल 2 मुकाबलों में सिर्फ एक रन ही बना सके हैं। वहीं, गेंदबाजी में मुकेश कुमार और लुंगी एनगिडी की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया है। मुकेश ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आखिरी मुकाबले में 26 रन देकर 2 विकेट चटकाए थे।

# एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में ललित ने रजत और सुनील ने कांस्य पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में देश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसमें हरियाणा के रहने वाले ललित ने 55 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक जीता। वहीं, 87 किलोग्राम भारवर्ग में सुनील ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता किर्गिस्तान में आयोजित की जा रही है। दोनों खिलाड़ियों की जीत से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। ललित ने वर्ष 2015 में कुश्ती की शुरुआत की थी। उस समय वे गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। वहां अन्य बच्चों को कुश्ती के दांव-पेंच लड़ाते देख ललित के मन में भी इस खेल के प्रति रुचि पैदा हुई। यहीं से उनके पेशेवर पहलवान बनने का सपना शुरू हुआ। लेकिन यह सफर इतना आसान नहीं था। जबकि नितेश मंगलवार को यहां 97 किग्रा वर्ग के फाइनल में पहुंच गए।

### ललित की उपलब्धियां

अबतक 23 नेशनल प्रतियोगिता में पदक जीते हैं। 2023 में एशियन प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। 2026 में वर्ल्ड रैंकिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। सीनियर वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज में भाग लिया।

### सुनील ने वर्ष 2008 में खेलना शुरू किया था

सुनील ने 2008 में खेलना शुरू किया। वर्ष 2010 में उनके पिता का देहांत हो गया। मां अनिता गृहिणी व चार भाई-बहन हैं। बहन रेनू डॉक्टर हैं। बड़ा भाई मोनू दिल्ली में एमसीडी में व छोटा भाई नितिन नेवी में नायब सूबेदार हैं। उनके पिता का सपना है कि मैं ओलंपिक में पदक जीत सकूं। कोच रवि अहलावत, कैप्टन धर्मवीर हुड्डा, कोच जयवीर हुड्डा, कोच हरदीप सिंह, कोच सोनू कुमार, अखाड़े संचालक मोहित मलिक व कोच रिंकू राठी ने भी परविंदर का हौसला बढ़ाया। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### सुनील की उपलब्धियां


2022 के एशियन गेम्स में कांस्य पदक, 2020 में एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक, 2019 में एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक, 2022 में एशियन चैंपियनशिप में कांस्य और 2023 में एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता।

## खबर संक्षेप

### पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में हारे अभय

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष खिलाड़ी अभय सिंह मिस्त्र के एल गौना में चल रही पीएसए प्लैटिनम प्रतियोगिता एल गौना ओपन स्क्वाश के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में पांच गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में यूसुफ इब्राहिम से हार गए। विश्व में 25वें नंबर के खिलाड़ी अभय ने सोमवार को खेले गए मैच में अच्छी शुरुआत की थी। उन्होंने विश्व में सातवें नंबर के खिलाड़ी इब्राहिम के खिलाफ पहला और तीसरा गेम जीता, लेकिन वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए।

### क्रिकेटर वॉर्नर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार क्रिकेटर डेविड वॉर्नर को सिडनी में शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ब्रेथ टेस्ट में तय सीमा से अधिक अल्कोहल पाए जाने के बाद वॉर्नर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### बीसीबी अध्यक्ष पद से हटाए गए अमीनुल, तमीम तदर्थ समिति के प्रमुख बने

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से द्विपक्षीय संबंधों को फिर से शुरू करने का अनुरोध किए जाने के कुछ ही दिन बाद देश की राष्ट्रीय खेल परिषद (एनएससी) ने पूर्व कप्तान और बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम बुलबुल को मंगलवार को पद से हटा दिया और बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को 11 सदस्यीय तदर्थ का प्रमुख बनाया गया है।

आईसीसी रैंकिंग

# वनडे में अलाना का जलवा फिर बनीं नंबर वन गेंदबाज

एजेंसी ▶▶| दुबई



ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की स्पिन गेंदबाज अलाना किंग वनडे में एक बार फिर दुनिया की नंबर एक गेंदबाज बन गई हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन का इनाम अलाना को आईसीसी की जारी ताजा वनडे रैंकिंग में मिला है। अलाना किंग ने मार्च में नंबर एक गेंदबाज की पोजीशन को हासिल किया था।

हालांकि, कुछ हफ्तों बाद ही सोफी एक्लेस्टोन ने उनकी बादशाहत को खत्म कर दिया था। वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के तीसरे वनडे मुकाबले में अलाना ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर के स्पेल में सिर्फ 19 रन देकर 5 विकेट चटकाए थे। इस स्पेल में अलाना ने 44 गेंदें डॉट फेंकी थीं और टीम को 9 विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। अलाना ने वनडे की ऑलराउंडर रैंकिंग में भी अपनी स्थिति को मजबूत किया है। वह सातवें नंबर पर पहुंच गई हैं और उन्होंने साइवर-ब्रंट को एक पायदान नीचे धकेल दिया है।

### अमेलिया ने लगाई बड़ी छलांग

वहीं, दूसरे वनडे में 179 रनों की यादगार पारी खेलकर अमेलिया केर ने रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। वह 6 पायदान ऊपर चढ़कर अब बल्लेबाजों की रैंकिंग में 15वें नंबर पर आ गई हैं। न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हर फॉर्मेट में इस समय अच्छी फॉर्म में हैं। वह लगातार बल्ले और गेंद दोनों से अहम योगदान दे रही हैं। जिम्बाब्वे और साउथ अफ्रीका के खिलाफ उनका प्रदर्शन जबरदस्त रहा। टी20 में भी अमेलिया लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं, और वह दुनिया की नंबर एक ऑलराउंडर भी बनी हुई हैं। वहीं, वनडे के ऑलराउंडर रैंकिंग में अमेलिया केर अब मारिजाने कैप से आगे निकल गई हैं।

## बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप मिश्रित युगल जोड़ियां बाहर



**निंगबो।** भारत की बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के मिश्रित युगल में शुरुआत निराशाजनक रही जब उसकी दोनों जोड़ियां पहले दौर से हारकर बाहर हो गई। रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गाडे की जोड़ी मलेशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त गोह सून हुआत और लेइ शेवोन जैमी की जोड़ी से 34 मिनट तक चले मुकाबले में हारकर बाहर हो गई। एक अन्य मैच में असित सूर्या और अमृता प्रथमेश की जोड़ी मलेशिया के वोंग तियेन सि और लिम चियू सियेन से 31 मिनट में हार गई। एकल वर्ग के मुकाबले बुधवार से शुरू होंगे। पुरुष एकल में आल इंग्लैंड चैंपियनशिप उपविजेता लक्ष्य सेन का सामना हांगकांग के ली चियुक यू से होगा। वहीं महिला एकल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से खेलेंगी। भारत की पुरुष टीम में सेन के अलावा किदाम्बी श्रीकांत, एचएस प्रणय और आयुष शेट्टी भी हैं। वहीं महिला टीम में सिंधू के साथ तन्वी शर्मा, उन्नति हुड्डा और मालविका बंसोड़ हैं।

**13 से 17 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स के सीएएनएआरडी में होंगे मुकाबले**

# अर्जेंटीना से 4 मैचों की सीरीज खेलेगी महिला हॉकी टीम

एजेंसी ▶▶| तूरिन



भारत की सीनियर महिला हॉकी टीम चार मैचों की श्रृंखला के लिए अर्जेंटीना का दौरा करेगी। इस श्रृंखला के मैच 13 से 17 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स के सीएएनएआरडी में खेले जाएंगे।

भारतीय टीम अपने मैच 13, 14, 16 और 17 अप्रैल को अर्जेंटीना के नेशनल सेंटर ऑफ हाई परफार्मेंस एथलेटिक्स सेंटर (जिसे सीएएनएआरडी के नाम से भी जाना जाता है) में खेलेगी। भारत और अर्जेंटीना के बीच हाल में कुछ कड़े मुकाबले खेले गए हैं। इनमें पिछले साल जून में एफआईएच प्रो लीग 2024-25 का मैच भी शामिल है, जिसका फैसला 2-2 से बराबर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में किया गया। भारतीय टीम का यह दौरा बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप और इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। इससे भारतीय टीम को विभिन्न संयोजन आजमाने का मौका भी मिलेगा।

### दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक अर्जेंटीना

भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा, 'हम 24 खिलाड़ियों की टीम के साथ अर्जेंटीना जा रहे हैं। यह एक सोच-समझकर लिया गया निर्णय है। इस दौरे का उद्देश्य अधिक से अधिक खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर पर प्रदर्शन करने का मौका देना है। अर्जेंटीना दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है और इस श्रृंखला से हमें प्रति खिलाड़ी को परखने का मौका मिलेगा। हम देखना चाहते हैं कि जरूरत पड़ने पर कौन बेहतर प्रदर्शन कर सकता है।' उन्होंने कहा, ' इस टीम में जगह बनाने के लिए आपको सबसे पहले यह साबित करना होगा कि आप एक 'टीम प्लेयर' हैं। व्यक्तिगत प्रतिभा महत्वपूर्ण है लेकिन अगर आप इस टीम के साथ तालमेल नहीं बिठा सकते और एक-दूसरे की मदद नहीं कर सकते हैं तो आपके लिए इस टीम में जगह बनाना मुश्किल होगा।'

## इटालियन फुटबॉल लीग सीरी ए में पोलिटानो ने दागा जीत का गोल

# नेपोली ने एसी मिलान को हराया, खिताब की उम्मीद बरकरार

एजेंसी ▶▶| तूरिन



स्थानापन्न खिलाड़ी मैटियो पोलिटानो के 79वें मिनट में किए गए गोल की मदद से नेपोली ने एसी मिलान को 1-0 से हराकर इटालियन फुटबॉल लीग सीरी ए में खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। नेपोली इस मैच से पहले एसी मिलान से एक अंक और शीर्ष पर काबिज इंटर मिलान से 10 अंक पीछे तीसरे स्थान पर था। इन दोनों क्लब के लिए खिताब की उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए इस मैच में जीत जरूरी थी। मैच में हालांकि गोल करने की बहुत कम मौके बने और ऐसे में पांच मिनट पहले स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरने वाले पोलिटानो का गोल निर्णायक साबित हुआ। इस जीत से नेपोली के 31 मैच में 65 अंक हो गए हैं जबकि एसी मिलान के इतने ही मैच में 63 अंक हैं। इंटर मिलान 31 मैच में 72 अंक लेकर अब भी खिताब की दौड़ में सबसे आगे बना हुआ है। एक अन्य मैच में युवेंटस ने जेनोआ को 2-0 से हराया। इस जीत से युवेंटस ने चौथे स्थान पर काबिज कोमो से अंतर को घटाकर एक अंक कर दिया। कोमो को उडिनीस ने गोलरहित से ड्रॉ पर रोका।

### गिरोना ने विलारियाल को हराया

**गिरोना।** विलारियाल को आत्मघाती गोल के कारण गिरोना से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में तीसरे नंबर पर अपनी स्थिति मजबूत करने की उसकी उम्मीदों को करारा झटका लगा। विलारियाल अगर इस मैच में जीत जाता तो वह चौथे स्थान पर काबिज एटलेटिको मैड्रिड से चार अंक आगे हो जाता। एटलेटिको मैड्रिड को बार्सिलोना से अपने घरेलू मैदान पर हार का सामना करना पड़ा था। पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में अर्नाउ के क्रॉस का शॉट पाउ नवारो पर लगा और गेंद उनके ही गोलकीपर को चकमा देते हुए गोल में चली गई। विलारियल 30 मैच में 58 अंक लेकर तीसरे स्थान पर बना हुआ है।

### रूस के खिलाफ तीन फ्रेंडली मैच खेलेगी महिला टीम

भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम रूस के खिलाफ 11 से 17 अप्रैल तक सोची में तीन मैत्री मैच खेलेगी। भारतीय टीम की मुख्य कोच पामेला कोंटी ने इस दौरे के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। यह मैच 11, 14 और 17 अप्रैल को सोची के मात्सेस्टा फुटबॉल सेंटर में खेले जाएंगे। इस साल चीन में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप की तैयारी कर रही भारतीय टीम सोची पहुंची। भारतीय महिला टीम पिछले महीने यांगून गई थी, जहां उसने मेजबान टीम के खिलाफ दो मैत्री मैच खेले। इन दोनों मैच में उसने जीत (2-0 और 3-2) हासिल की थी। इसके बाद भारतीय टीम ने बेंगलुरु में अभ्यास शिविर में हिस्सा लिया था। सूज़ौ में होने वाले एशियाई कप में भारत को ग्रुप बी में रखा गया है, जहां उसका सामना ऑस्ट्रेलिया (दो मई), जापान (पांच मई) और लेबनान (आठ मई) से होगा।




### कल्पक्कम स्थित देश के पहले स्वदेशी फास्ट ब्रीडर रिएक्टर ने क्रिटिकलिटी हासिल की

# थोरियम से परमाणु बिजली बनाने का रास्ता साफ

सेंट्रल डेस्क ▶▶| रोहतक

भारत उन कुछ देशों में से एक है जिनके पास परमाणु प्रौद्योगिकियों के विकास का लंबा अनुभव है। इसमें परमाणु ऊर्जा उत्पादन व प्रेशराइज्ड हेवी वाटर रिएक्टर (पीएचडब्लूआर) तकनीक पर महारत भी शामिल है। ये ऐसे रिएक्टर हैं जो प्राकृतिक यूरेनियम को ईंधन के रूप में और हैवी वाटर (ड्यूटेरियम ऑक्साइड) को कूलेंट तथा मॉडरेटर के रूप में उपयोग करते हैं। भारत के मौजूद अधिकतर रिएक्टर ऐसे ही हैं। साथ ही कुछ आयातित लाइट वाटर रिएक्टर भी हैं। लेकिन, देश में कुछ अन्य परमाणु प्रौद्योगिकियां अभी विकासाधीन हैं। ये हैं फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (एफबीआर) यानी थोरियम-आधारित परमाणु रिएक्टर बनाना है। ये तकनीकें भारत के महत्वाकांक्षी तीन-चरणीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम का हिस्सा हैं। इससे भारत के प्रचुर थोरियम भंडार का उपयोग कर बिजली उत्पादन हो सकेगी। केरल, तमिलनाडु, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात के तटीय एवं अंतर्देशीय प्लेसर रेत में तथा झारखंड और पश्चिम बंगाल की नदीय रेत में थोरियम व्यापक पैमाने पर मौजूद है। भारत के इस तीन-चरणीय परमाणु कार्यक्रम के महत्वपूर्ण दूसरे चरण को सोमवार को तब बढ़ावा मिला जब तमिलनाडु के कल्पक्कम स्थित देश के पहले स्वदेशी फास्ट ब्रीडर रिएक्टर ने क्रिटिकलिटी हासिल की। क्रिटिकलिटी हासिल करने का अर्थ है एक स्व-स्थायी परमाणु विखंडन शृंखला प्रतिक्रिया की शुरुआत, जो अंततः 500 मेगावाट इलेक्ट्रिक क्षमता वाले इस रिएक्टर से बिजली उत्पादन की ओर ले जाएगी। क्रिटिकलिटी प्राप्त करना पूर्ण क्षमता से बिजली उत्पादन से पहले एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो दर्शाता है कि रिएक्टर का कोर डिज़ाइन के अनुसार कार्य कर रहा है और प्रत्येक विखंडन घटना पर्याप्त न्यूट्रॉन उत्पन्न कर रही है जिससे प्रतिक्रिया शृंखला जारी रह सके।



### दो साल पहले शुरू हुई थी कोर लोडिंग

करीब दो वर्ष पहले मार्च 2024 में कल्पक्कम एफबीआर में 'कोर लोडिंग' यानी रिएक्टर के कोर में परमाणु ईंधन असेंबली स्थापित करने की प्रक्रिया पूरी हुई थी। यह रिएक्टर प्रारंभ में यूरेनियम-प्लूटोनियम मिश्रित ऑक्साइड (एमओएक्स) ईंधन का उपयोग करेगा, जिसके चारों ओर यूरेनियम (यू-238) की एक परत होगी, जो परमाणु रूपांतरण (न्यूक्लियर ट्रांसम्यूटेशन) के माध्यम से अधिक ईंधन उत्पन्न करेगी। इसी कारण इसे 'ब्रीडर' कहा जाता है।

### भारत का फास्ट रिएक्टर कार्यक्रम

भारत ने 1985 से 13.5 मेगावाट इलेक्ट्रिक क्षमता वाले फास्ट ब्रीडर टेस्ट रिएक्टर (एफबीटीआर) के साथ इस कार्यक्रम की शुरुआत की। अब 500 मेगावाट इलेक्ट्रिक का प्रोटोटाइप एफबीआर कल्पक्कम में उन्नत कमीशनिंग चरण में है। इसके अलावा, फास्ट रिएक्टर फ्यूल साइकिल फैसिलिटी भी वहीं निर्माणाधीन है। आगे चलकर 600 मेगावाट इलेक्ट्रिसिटी क्षमता के छह और फास्ट ब्रीडर रिएक्टर बनाने की योजना है।

### ऊर्जा आत्मनिर्भरता होगी हासिल

एफबीआर को तीसरे चरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है, जिससे भारत अपने विशाल थोरियम संसाधनों का पूर्ण उपयोग कर सकेगा। परमाणु वैज्ञानिक अनिल काकोडकर के अनुसार, भारत में थोरियम-आधारित परमाणु ऊर्जा की ओर बढ़ना ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लिए अत्यंत आवश्यक है। अब आयातित यूरेनियम के साथ बड़े पैमाने पर पीएचडब्लूआर क्षमता विकसित करने के बाद, भारत थोरियम को फिसाइल यूरेनियम में परिवर्तित करने की प्रक्रिया को तेज कर सकता है। इससे तीन-चरणीय कार्यक्रम के तीसरे थोरियम चरण को पहले शुरू करने की संभावना बनती है। पीएचडब्लूआर से प्राप्त प्रयुक्त ईंधन को पुनर्चक्रित कर नई ऊर्जा उत्पादन क्षमता विकसित की जा सकती है, जिसमें भविष्य की मोल्टन साल्ट रिएक्टर (एमएसआर) तकनीक भी शामिल है। इससे आयातित परमाणु ईंधन पर निर्भरता कम होगी और भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता को गति मिलेगी।

### तीसरे चरण की ओर

भारत का उद्देश्य अंततः थोरियम को मुख्य ईंधन के रूप में उपयोग करना है। तीन-चरणीय प्रक्रिया में 'फर्टाइल' पदार्थों को 'फिसाइल' पदार्थों में परिवर्तित किया जाता है। उदाहरण के लिए यू-238 को प्लूटोनियम-239 (पीयू-239) में और थोरियम को यू-233 में बदला जाता है। भारत क्लोज्ड फ्यूल साइकिल अपनाता है, जिसमें उपयोग किए गए ईंधन को पुनःप्रसंस्कृत कर उपयोगी समस्थानिकों को अलग किया जाता है।

### मोदी ने निर्णायक कदम बताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में इसे देश के नागरिक परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ाने की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया और कहा कि यह स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और निर्मित रिएक्टर हमारी वैज्ञानिक क्षमता की गहराई और हमारी इंजीनियरिंग क्षमता की मजबूती को दर्शाता है। उन्होंने इसे कार्यक्रम के तीसरे चरण के तहत भारत के थोरियम भंडार के उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

### यूरेनियम से ऊर्जा प्राप्ति 60 गुना होगी

पहला चरण पीएचडब्लूआर रिएक्टरों और संबंधित ईंधन चक्र सुविधाओं की स्थापना से संबंधित है, जो वर्तमान में प्रगति पर है। भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौते ने भारत को अपने घरेलू रिएक्टरों के लिए यूरेनियम खरीदने का मार्ग खोल दिया था, जिससे कार्यक्रम की गति बढ़ी है। दूसरे चरण में एफबीआर रिएक्टरों को बड़े पैमाने पर तैनात किया जाएगा। ये रिएक्टर जितना ईंधन उपभोग करते हैं उससे अधिक उत्पन्न करने के लिए डिज़ाइन किए जाते हैं। भारतीय संदर्भ में उच्च 'ब्रीडिंग' दर वांछित है ताकि ऊर्जा क्षमता तेजी से बढ़ सके। एफबीआर प्राकृतिक यूरेनियम से ऊर्जा प्राप्ति को 60 गुना तक बढ़ाने की क्षमता रखते हैं। ये रिएक्टर प्लूटोनियम के भंडार को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण हैं। जो पहले चरण के पीएचडब्लूआर से उत्पन्न होता है ताकि तीसरे चरण के लिए यूरेनियम-233 (यू-233) का बड़े पैमाने पर उत्पादन किया जा सके। इसके लिए उचित समय पर एफबीआर में थोरियम (टीएच-232) को ब्लैंकेट सामग्री के रूप में उपयोग किया जाएगा।

> ईरान का दावा संयम खत्म अब मिडिल ईस्ट के बाहर भी हमला करेंगे

# ईरान के 17 रिहायशी इलाकों पर अमेरिका ने बरसाए बम

एजेंसी ▶▶| तेहरान/तेल अवीव

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के आगे ईरान के नहीं झुकने के बाद अमेरिका ने ईरान के 17 रिहायशी इलाकों पर बम बरसाए। इस हमले में अल्बोर्ज प्रांत में 2 बच्चों समेत 18 की मौत हो गई। अमेरिका-इजराइल ने मंगलवार को ईरान पर किए गए हमलों में खोर्रमाबाद हवाई अड्डे को निशाना बनाया है। ईरानी रेड क्रिसेंट संगठन ने मंगलवार को बताया कि अमेरिका और इजराइल ने ईरान को 17 रिहायशी इलाकों पर बमबारी की है। संगठन ने कहा कि नागरिकों पर हमला करने का कोई औचित्य नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून स्पष्ट रूप से कहते हैं कि निहत्थे नागरिकों पर हमला करना युद्ध अपराध है।



अमेरिका के हमले में तबाह ईरान की राजधानी तेहरान की शेरिफ यूनिवर्सिटी

### ईरानी सेना ने अमेरिकी-इजराइली ठिकानों पर किए हमले

ईरान ने कहा है कि उस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकियों का कोई असर नहीं होगा। ईरानी सेना आईआरजीसी ने अमेरिकी राष्ट्रपति के बयानों को 'आधारहीन' बताया है। ईरान की सेना ने कहा है कि ट्रंप की धमकियों से अमेरिका और इजराइली सुरक्षाबलों के खिलाफ जारी आक्रामक कार्रवाई प्रभावित नहीं होगी। धमकियों से पश्चिम एशिया में हुआ अमेरिका का अपमान नहीं मिटेगा।

## इजराइल ने किया शिराज पेट्रोकेमिकल ठिकाने पर हवाई हमले का दावा

इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसने दक्षिण-पश्चिमी ईरान के शिराज में एक और पेट्रोकेमिकल परिसर पर हमला किया है। एक बयान में सेना ने कहा कि इस पेट्रोकेमिकल परिसर में ईरानी शासन के सशस्त्र बलों के लिए नाइट्रिक एसिड का उत्पादन किया जाता था। इजराइली सेना ने दावा किया कि यह परिसर ईरान में विस्फोटकों के लिए महत्वपूर्ण रासायनिक घटकों और बैलिस्टिक मिसाइलों के विकास के लिए सामग्री का उत्पादन करने वाले आखिरी बचे परिसरों में से एक था।

### इजराइल ने ईरान पर दागीं मिसाइलें

इजराइली एयर फोर्स ने मंगलवार को ईरान में करीब 10 अहम रेल लाइनों और पुलों पर हमला किया है। द टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, यह हमले इसलिए किए गए ताकि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स अपने हथियार और सैन्य सामान एक जगह से दूसरी जगह न ले जा सके। हमलों से पहले इजराइल ने ईरान के लोगों को चेतावनी दी थी कि वे शाम तक ट्रेनों से दूर रहें। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स इन रेलवे और हाईवे पुलों का इस्तेमाल हथियार और सैन्य सामान ले जाने के लिए कर रही थी।

### इजराइल के रासायनिक संयंत्रों पर भी ईरानी सेना का हमला



ईरानी सेना का कहना है कि उसके हमले के कारण अमेरिकी जहाजों को हिंद महासागर में पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा। आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स ने उत्तरी और दक्षिणी तेल अवीव के प्रमुख स्थलों को निशाना बनाया। हाइफा के रणनीतिक केंद्रों और बीर शेवा के रासायनिक संयंत्रों पर भी हमला किया गया। आईआरजीसी के मुताबिक सेना ने पेता टिकवा में इजराइली सैनिकों की एक टुकड़ी पर भी बैलिस्टिक मिसाइलों से सटीक हमला किए जाने का दावा किया।

### *भारतीय दूतावास ने दी सलाह*

*ईरान में मौजूद भारतीयों को लेकर भारतीय दूतावास ने एक एडवाइजरी जारी की है और उन्हें निर्देश दिए हैं कि वे जहां हैं, वहीं रहें। भारतीय दूतावास की तरफ से यह भी कहा गया कि अगले 48 घंटे के लिए लोग पावर प्लांट्स बड़ी इमारतों, सैन्य अड्डों से आदि से दूर चले जाएं और हो सके तो बहुमंजिला इमारतों के ऊपरी तलों पर बिल्कुल न जाएं।*

### इस्तांबुल में इजराइली दूतावास पर हमला

## तुर्किये पुलिस ने हमलावरों को मार गिराया, दो पुलिसकर्मी भी घायल

**इस्तांबुल (एजेंसी)।** तुर्किये के इस्तांबुल में मंगलवार को इजराइली वाणिज्य दूतावास की इमारत के बाहर बंदूकधारियों ने पुलिस पर गोलीबारी की और इस दौरान हुई मुठभेड़ में एक हमलावर मारा गया, जबकि दो को घायल अवस्था में पकड़ लिया गया। तुर्की के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस्तांबुल के गवर्नर दावुत गुल ने पत्रकारों को बताया कि मुठभेड़ के दौरान दो पुलिस अधिकारी मामूली रूप से घायल हो गए। गृह मंत्री मुस्तफा सिफ्ती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि हमलावर पड़ोसी शहर इज़मित से किराए की कार में इस्तांबुल पहुंचे। हमलावरों में से दो भाई थे, और उनमें से एक का मादक पदार्थ तस्करी से जुड़ा आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।

### मामले की जांच शुरू

गृह मंत्री मुस्तफा सिफ्ती ने किसी संगठन का नाम लि, बिना कहा कि हमलावरों का संबंध 'धर्म का दुरुपयोग करने वाले' एक समूह से था। आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ने अतीत में तुर्किये में घातक हमले किए हैं। यह वाणिज्य दूतावास इस्तांबुल के बेसिकतास इलाके में गगनचुंबी इमारत में स्थित है। दूतावास पिछले दो साल से बंद था। अधिकारियों ने बताया कि तुर्किये स्थित इजराइली दूतावासों में इस समय कोई भी इजराइली राजनयिक मौजूद नहीं है।

### जंग में ईरान के 130 से ज्यादा एयर डिफेंस सिस्टम तबाहः इजराइल

इजराइल की सेना ने दावा किया है कि उसने ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम पर हवाई हमले किए हैं। सेना के अनुसार, युद्ध के दौरान अब तक ईरान के 130 से ज्यादा एयर डिफेंस सिस्टम को नष्ट कर दिया गया है। जारी किए गए वीडियो में इन हमलों की झलक दिखाई गई है, जिसमें विभिन्न सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए दिखाया गया है।

### ईरानी क्लस्टर बम से इजराइल में नुकसान

इजराइल में ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल से गिराए गए क्लस्टर सबम्यूनिशन (छोटे बम) के कारण नुकसान होने की खबर है। राहत और बचाव टीमों के अनुसार, रोश हाअयिन, रमत हाशरोन और आसपास के इलाकों में इन छोटे बमों के गिरने के स्थानों पर टीमें काम कर रही हैं।

### *कमांडरों की हत्या से नहीं डरेंगेः खामनेई*



*ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने कहा है कि शीर्ष सैन्य कमांडरों की हत्या से देश की सेना और लड़ाकों का मनोबल नहीं टूटेगा। यह बयान ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) के खुफिया प्रमुख मेजर जनरल माजिद खदेमी की सोमवार को हुई हत्या के बाद आया है। खामेनेई ने कहा कि खदेमी ने सुरक्षा, खुफिया और रक्षा के क्षेत्र में कई दशकों सेवा दी। उन्होंने अपने लिखित बयान में कहा कि ईरान के लड़ाके और सेना एकजुट हैं, जिन्हें आतंकवाद या अपराध जैसी घटनाएं कमजोर नहीं कर सकतीं।*

## खबर संक्षेप

### आज से तीन दिवसीय यूएस दौरे पर मिसरी

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी 8 से 10 अप्रैल 2026 तक वाशिंगटन डीसी, संयुक्त राज्य अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। इस यात्रा से भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों के पूरे दायरे की समीक्षा करने और प्रमुख क्षेत्रों में चल रहे सहयोग को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा।



### ब्रह्मोस से जुड़े रूसी वैज्ञानिक का निधन

**नई दिल्ली।** ब्रह्मोस मिसाइल प्रोजेक्ट से जुड़े रूस के प्रमुख वैज्ञानिक अलेक्जेंडर लियोनोव का 74 साल की उम्र में निधन हो गया है। वे रूस के प्रमुख मिसाइल डिजाइनरों में शामिल थे। भारत-रूस की ब्रह्मोस एयरोस्पेस का प्रमुख साझेदार है। उन्हें उन्नत मिसाइल तकनीक के विकास के लिए जाना जाता था। उन्होंने जिरकॉन हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल समेत कई अहम प्रोजेक्ट्स में योगदान दिया।

### ईरान युद्ध के बीच डीजीसीए का लंबी दूरी की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को लेकर फैसला

# *अब पायलटों को 48 घंटे का लगातार आराम देना जरूरी*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने लंबी दूरी की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए पायलटों के ड्यूटी समय में अस्थायी राहत दी है। यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि ईरान युद्ध के चलते मिडिल ईस्ट के कई देशों का एयरस्पेस बंद होने से उड़ानों को लंबा रास्ता लेना पड़ रहा है। नागर विमानन मंत्रालय के संयुक्त सचिव असंगबा चुबा आओ ने बताया कि लंबी उड़ानों के कारण एयरलाइंस को पायलट ड्यूटी टाइम लिमिट (एफडीटीएल) के नियमों का पालन करने में दिक्कत हो रही थी, इसलिए यह छूट दी गई है।

> फ्लाइट ड्यूटी पीरिएड 1 घंटा 45 मिनट बढ़ाया

> डीजीसीए ने कहा- एयरलाइंस नियमों का पालन करें



### *फ्लाइट टाइम 1 घंटा 30 मिनट बढ़ाया*

*डीजीसीए ने पहले भी 30 अप्रैल तक कुछ राहत दी थी। अब दो पायलटों वाली लंबी उड़ानों के लिए फ्लाइट टाइम (एफटी) को 1 घंटा 30 मिनट बढ़ाकर 11 घंटे 30 मिनट कर दिया गया है, जबकि फ्लाइट ड्यूटी पीरियड (एफडीपी) को 1 घंटा 45 मिनट बढ़ाकर 11 घंटे 45 मिनट कर दिया गया है। फ्लाइंग टाइम में विमान रनवे पर टेक-ऑफ के लिए चलने से लेकर उड़ान खत्म होने के बाद रुकने तक का पूरा समय शामिल होता है।*

### *डीजीसीए ने निगरानी बढ़ाई*

*डीजीसीए ने यह भी सुनिश्चित किया है कि एयरलाइंस नियमों का पालन करें। इसके लिए साप्ताहिक और पखवाड़े के आधार पर निगरानी बढ़ाई गई है और हर दो महीने में डीजीसीए अधिकारी एयरलाइंस का निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा, रेगुलेटर अब एयरलाइंस के संचालन पर और ज्यादा नजर रख रहा है, जिसमें पायलट रोस्टर, क्रू की उपलब्धता, बैकअप व्यवस्था, सिस्टम की मजबूती और एफडीटीएल नियमों के अनुपालन पर खास ध्यान दिया जा रहा है।*

### एयरलाइंस को लंबा रास्ता लेना पड़ रहा

डीजीसीए ने पिछले साल पायलटों की थकान को कम करने और फ्लाइट सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नए नियम लागू किए थे। इन नियमों के तहत पायलटों को 48 घंटे का लगातार आराम देना जरूरी किया गया था, जो पहले 36 घंटे था। लेकिन ईरान युद्ध के कारण पश्चिमी देशों के लिए उड़ानों का समय बढ़ गया है, क्योंकि विमानों को मिडिल ईस्ट के संघर्ष वाले क्षेत्र से बचते हुए लंबा रास्ता लेना पड़ रहा है। इससे एयरलाइंस के लिए तय ड्यूटी टाइम के भीतर ऑपरेशन करना मुश्किल हो रहा है।

### एयर इंडिया ने 899 तक बढ़ाया फ्यूल सरचार्ज, आज से बदलाव

**नई दिल्ली।** ईरान-इजराइल के बीच युद्ध का असर अब सीधे हवाई यात्रियों की जेब पर पड़ने लगा है। ग्लोबल लेवल पर जेट ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में तेज उछाल के चलते एयर इंडिया ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर फ्यूल सरचार्ज बढ़ाने का फैसला लिया है। नए सरचार्ज 8 अप्रैल से घरेलू उड़ानों पर लागू हो जाएंगे। इससे यात्रियों की जेब पर 899 रुपए तक का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। जबकि, अंतरराष्ट्रीय रूटों पर यह बदलाव 10 अप्रैल से लागू होने जा रहा है। इसके तहत 280 तक सरचार्ज वसूला जाएगा। सरकार ने एटीएफ की कीमतों में बढ़ोतरी को 25 प्रतिशत तक सीमित रखने की कोशिश की है, लेकिन इसके बावजूद एयरलाइंस को लागत संतुलन के लिए यह कदम उठाना पड़ा है।

> ■ अंतरराष्ट्रीय रूटों पर यह बदलाव 10 से




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28